दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 112 | जयपुर, मंगलवार, 02 अप्रैल, 2024 | चैत्र, कृष्ण पक्ष- अष्टमी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00


## जरूरी खबर

### तिहाड़ में तीन लेयर की सुरक्षा में रहेंगे सीएम केजरीवाल



**नई दिल्ली**। आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सोमवार शाम तिहाड़ जेल भेज दिया गया। वह जेल नंबर दो की एक सेल में रहेंगे। यहां केजरीवाल तीन लेयर की सुरक्षा में रहेंगे। उनके सेल व आसपास करीब आधा दर्जन सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जिसकी मॉनिटरिंग जेल महानिदेशक करेंगे। इसके अलावा सेल की सुरक्षा के लिए एक हेड वार्डर तैनात रहेगा। क्यूआरटी टीम भी 24 घंटे निगरानी करेगी। सेल में एक टेलीविजन की व्यवस्था होगी। साथ ही वह लाइब्रेरी से किताब लेकर पढ़ सकेंगे। (पेज 7 भी देखें)

### कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 32 रुपए तक हुआ सस्ता




**नई दिल्ली/ जयपुर**। एक अप्रैल से नए वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत हो गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस के दाम में 32 रुपए प्रति सिलेंडर तक की कटौती की गई है। नई दरें सोमवार से लागू हो गई हैं। राजधानी जयपुर में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपए 50 पैसे सस्ता हो गया। अब यह 1786.50 रुपए में मिलेगा। कॉमर्शियल गैस के दामों कटौती के बाद दिल्ली में इसकी कीमत 30.50 घटकर 1764.50 रुपए हो गई है, जो पहले 1795 में मिल रहा था।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।


## बांग्लादेश में 'बायकॉट इंडिया' कैंपेन चलाने वालों को प्रधानमंत्री शेख हसीना ने लगाई लताड़, कहा...

# 'पहले बीवियों की साड़ी जलाओ, फिर बहिष्कार की बात करना'



**एजेंसी**। ढाका

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने ही देश के विपक्षी सांसदों को जमकर लताड़ लगाई और कहा कि जो लोग भारतीय उत्पादों के बहिष्कार की बात कर रहे हैं, वे सभी लोग पहले अपनी-अपनी बीवियों की साड़ी जलाकर दिखाएं। उन्होंने भारतीय उत्पादों के बहिष्कार की मांग करने वाले विपक्षी नेताओं से यह भी कहा है कि पहले उन्हें यह बताना चाहिए कि उनकी पत्नियों के पास कितनी भारतीय साड़ियां हैं और वे इनमें आग क्यों नहीं लगा रही हैं? शेख हसीना ने अपनी पार्टी अवामी लीग की एक बैठक को संबोधित करते हुए विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी)के नेताओं पर निशाना साधा, जिन्होंने भारतीय उत्पादों के बहिष्कार का आह्वान किया था।

### क्यों करते हो भारतीय मसालों का इस्तेमाल

इस साल की शुरुआत में हुए चुनावों के जरिए लगातार चौथी बार बांग्लादेश की सत्ता में आईं पीएम शेख हसीना ने कहा कि जब बीएनपी सत्ता में थी तो उनके मंत्री और उनकी बीवियां भारत दौरे पर साड़ियां खरीदते थे और उन्हें बांग्लादेश में बेचा करते थे। शेख हसीना इतने पर ही नहीं रुकीं। उन्होंने भारतीय मसालों की भी चर्चा की और पूछा कि क्या विपक्षी नेताओं के घरों की किचेन में भारतीय लहसुन, प्याज, अदरक, गरम मसाले समेत अन्य मसाले नहीं इस्तेमाल होते हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रधानमंत्री शेख हसीना की यह टिप्पणी बीएनपी नेता रुहुल कबीर रिजवी द्वारा भारतीय उत्पादों के प्रति प्रतीकात्मक विरोध और बहिष्कार के रूप में अपना कश्मीरी शॉल सड़क पर फेंकने के बाद आई है।

### मालदीव से प्रेरणा ले रहा विपक्ष

बांग्लादेश मामले के विशेषज्ञों ने बताया कि बीएनपी को भारत विरोधी अभियान की प्रेरणा, मालदीव की सत्ताधारी पार्टी से मिली है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने पिछले साल राष्ट्रपति चुनाव के पहले इंडिया आउट अभियान शुरू किया था। इस अभियान को चीन का समर्थन प्राप्त था। ठीक वैसे ही काम इस समय बांग्लादेश में बीएनपी कर रही है। बीएनपी की सोशल मीडिया विंग के सदस्य यह नैरेटिव बनाने की कोशिश में लगे हैं कि पश्चिमी देशों ने स्वतंत्र चुनाव को लेकर जो दबाव बनाया था, वह भारत के विरोध के चलते बेकार हो गया।

### जीत के बाद अभियान में आई तेजी

बांग्लादेश में 'इंडिया-आउट' अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी शुरुआत कुछ एक्टिविस्टों और प्रभावशाली लोगों द्वारा किया गया है, लेकिन विपक्षी बीएनपी के नेता उसे समर्थन दे रहे हैं। शेख हसीना की अवामी लीग की लगातार चौथी बार जीत के बाद इस अभियान में हाल के दिनों में तेजी आई है। इस अभियान में शामिल लोगों का दावा है कि भारत शेख हसीना को बांग्लादेश की सत्ता में बनाए रखना चाहता है क्योंकि उससे भारत के व्यापारिक हित सध रहे हैं।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बाद प्रधानमंत्री आएंगे जयपुर

# मोदी आज करेंगे BJP के प्रचार का आगाज



### PM आज कोटपूतली में करेंगे जनसभा को संबोधित

**बेधड़क**। जयपुर

लोकसभा चुनाव 2024 के बीच प्रदेश में भाजपा के केंद्रीय नेताओं के दौरे शुरू हो गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बाद अब पीएम नरेंद्र मोदी के दौरे तय हो गए। पीएम मोदी 2 अप्रैल को जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र कोटपूतली में पहली चुनावी जनसभा होगी। यहां पीएम मोदी जयपुर ग्रामीण प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह के समर्थन में सभा करेंगे। इसके बाद दो बाद 5 अप्रैल को चूरू और 6 अप्रैल को नागौर में भी पीएम मोदी की सभा प्रस्तावित है। यहां देवेंद्र झाझड़िया और ज्योति मिर्धा के समर्थन में जनसभा करेंगे। कोटपूतली में पीएम मोदी की चुनावी सभा को लेकर प्रदेश बीजेपी की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समेत भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया। मोदी मंगलवार दोपहर 2:45 पर कोटपूतली के एलबीएस कॉलेज में जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी दोपहर 2:30 पर विशेष विमान से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

### 5 को चूरू और 6 अप्रैल नागौर में होगी पीएम की सभा

कोटपूतली के दो दिन बाद पीएम मोदी एक बार फिर राजस्थान आएंगे। पार्टी सूत्रों की मानें तो 5 अप्रैल पीएम मोदी चूरू प्रत्याशी देवेंद्र झाझड़िया के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद 6 अप्रैल को नागौर में पीएम मोदी की सभा होगी, जहां भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा के समर्थन में जनसभा करेंगे। हालांकि, पीएम मोदी के दूसरे और तीसरे दौरे को लेकर अभी अधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि पहले चरण में पीएम मोदी की प्रदेश में करीब 10 सभाएं हो सकती हैं। पहली सभा कोटपूतली में होगी। उसके बाद दूसरी सभा चूरू में प्रस्तावित है।

### 2024 में चौथी बार राजस्थान आ रहे मोदी

साल 2024 में पीएम मोदी चौथी बार राजस्थान आ रहे हैं। सबसे पहले साल की शुरुआत में ही 5 से 7 जनवरी तक जयपुर में आयोजित हुई डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए जयपुर पहुंचे थे। उस समय पीएम मोदी ने पहली बार बीजेपी कार्यालय आए थे। यहां उन्होंने मंत्री, विधायकों और पदाधिकारियों के साथ डिनर किया था। इसके बाद मोदी दूसरी बार 25 जनवरी को फिर से जयपुर आए थे। उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ जयपुर में रोड शो किया था। वहीं, जयपुर के पर्यटन स्थलों पर भ्रमण भी किया था। उसके बाद सेना के युद्धाभ्यास के दौरान तीसरी बार जैसलमेर में आए थे। इससे पहले दिसंबर में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 15 दिसंबर को भी पीएम मोदी जयपुर पहुंचे थे।

## जोधपुर में गरजे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह...



# 'कितने भी दल इकट्ठे हो जाएं, आएगा तो मोदी ही'

**जोधपुर**। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जोधपुर में भाजपा के शक्ति प्रमुख सम्मलेन को संबोधित करते हुए एक बार फिर भाजपा के 400 पार के नारे को दोहराया। जोधपुर के पोलो मैदान में जोधपुर, बाड़मेर, जालोर और पाली लोकसभा क्षेत्र के बूथ शक्ति केंद्र अध्यक्ष कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में शाह ने एक ओर जहां मोदी सरकार के कार्यों का बखान किया तो दूसरी ओर विपक्ष और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने आर्टिकल 370 हटाया। हमने जो वादे किए थे उन्हें पूरा किया। मोदी की गारंटी से देश विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा है कि 370 सीटें अकेले भाजपा जीतेगी एनडीए 400 सीटें जीतेगी। शाह ने कहा कि राहुल गांधी को लोकतंत्र के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि आप कितनी भी पार्टियां इकट्ठा कर लो आएंगे तो मोदी ही। सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, सांसद राजेंद्र गहलोत, मदन राठौड़ और पीपी चौधरी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आने वाले समय में प्रदेश के हर घर में जल और सिंचाई का पूरा पानी मिलेगा।

### राहुल गांधी पर साधा निशाना

अमित शाह ने लोकतंत्र के मुद्दे पर राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि दादी ने देश में लोकतंत्र खत्म किया था। इमरजेंसी लगाकर लोगों को जेल में डाल दिया। राजनीतिक पार्टियों पर पाबंदियां लगा दी थी। अब आप कौनसा लोकतंत्र बचाने की बात कर रहे हो। शाह ने कहा कि यह परिवारवाद से जुड़ी पार्टियां हैं, जिनमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी को पीएम बनना चाहती हैं। लालू यादव तेजस्वी यादव को सीएम बनाना चाहते हैं। ममता बनर्जी अपने भतीजे को सीएम बनाना चाहती हैं।

## कांग्रेस को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

# आईटी के डिमांड नोटिस पर चुनाव तक नहीं होगी कार्रवाई

**एजेंसी**। नई दिल्ली



कांग्रेस को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। 3500 करोड़ के डिमांड नोटिस लेकर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं करेगी। इनकम टैक्स विभाग के खिलाफ कांग्रेस पार्टी की ओर से दाखिल याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान सभी पक्षों के वकीलों ने अपनी-अपनी दलीलें पेश कीं। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद शीर्ष अदालत ने इनकम टैक्स विभाग को जून के महीने में अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। 24 जुलाई को मामले की अगली सुनवाई होगी।

सुनवाई के दौरान इनकम टैक्स ने कहा हमने 1700 करोड़ का नोटिस भेजा है। इनकम टैक्स ने कोर्ट को भरोसा दिया कि अभी चुनाव का समय चल रहा है। लिहाजा हम इन पैसों की रिकवरी को लेकर कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। वहीं, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मामले की सुनवाई जून महीने में की जाए। तब तक कोई कार्रवाई नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या आपने जो डिमांड की है उसे स्थगित कर रहे हैं? इस पर सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि नहीं हम बस ये कह रहे हैं कि हम चुनाव तक कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। मामले की सुनवाई जून के दूसरे हफ्ते में की जाए।

## मुंबई की लगातार तीसरी हार

# राजस्थान रॉयल्स ने लगाई जीत की हैट्रिक

**एजेंसी**। मुंबई



इंडियन प्रीमियर लीग का 14वां मैच राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस के बीच वानखेड़े स्टेडियम मुंबई में खेला गया। इस मैच में राजस्थान ने मुंबई को 6 विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत हासिल की। राजस्थान रॉयल्स की टीम ने इस मैच में जबरदस्त प्रदर्शन किया। राजस्थान की ओर से जहां टेरेंट बोल्ट और युजवेंद्र चहल ने अच्छी गेंदबाजी की, वहीं रियान पराग ने अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को जीत दिला दी। राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजों ने मुंबई के बल्लेबाजों को 125 के स्कोर पर रोक दिया, जबकि राजस्थान ने 15.3 ओवर में ही 125 के आंकड़े को पार कर लिया। राजस्थान रॉयल्स अपनी लगातार तीसरी जीत के साथ प्वाइंट टेबल में सबसे टॉप पर पहुंच गया है।

## ऑर्गन ट्रांसप्लांट एनओसी का फर्जीवाड़ा

# SMS में ACB का एक्शन, ऑर्गन ट्रांसप्लांट की फर्जी NOC देने वाले ट्रैप

- सहायक प्रशासनिक अधिकारी ने चार साल में जारी किए 200 सर्टिफिकेट
- बिना कमेटी की बैठक के ही जारी की फर्जी NOC
- आरोपियों से 70 हजार रुपए रिश्वत की राशि और 3 फर्जी एनओसी बरामद

**बेधड़क**। जयपुर

राजधानी जयपुर के सबसे बड़े सवाईमान सिंह अस्पताल में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई की है। घूस लेकर फर्जी अंग प्रत्यारोपण (ऑर्गन ट्रांसप्लांट) की एनओसी जारी करने वाले दो लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।





एसीबी ने एसएमएस अस्पताल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह और ईएचसीसी अस्पताल के ऑर्गन ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर अनिल जोशी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 70 हजार रुपए रिश्वत की राशि और 3 फर्जी एनओसी भी बरामद की है। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम आरोपियों के ठिकानों पर जांच कर रही है।

### अस्पताल के अधिकारी ने की थी शिकायत

तीन दिन पहले एसएमएस अस्पताल के अधिकारी ने एसीबी से शिकायत की थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि अस्पताल में कोई अंग प्रत्यारोपण के फर्जी एनओसी सर्टिफिकेट बिना कमेटी की बैठक के जारी कर रहा है। ये लोग पैसा लेकर फर्जी सर्टिफिकेट दे रहे हैं। बिना कमेटी के जारी इन सर्टिफिकेट की कोई वेल्यू नहीं हैं। ये लोग निजी अस्पतालों से सांठ-गांठ कर पैसा कमाने के लिए यह सब कर रहे हैं।

### एसीबी ने रात डेढ़ बजे रंगे हाथ दबोचा

सूचना मिलने के बाद एसीबी के डीआईजी रवि के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने गोपनीय तरीके से संदिग्ध अधिकारी की पहचान की और पीछा करना शुरू कर दिया। रविवार रात डेढ़ बजे एसएमएस के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह और ईएचसीसी अस्पताल के ऑर्गन ट्रांसप्लांट को-आर्डिनेटर अनिल जोशी को एनओसी के बदले लेन-देन करते समय रंगे हाथ दबोच लिया। सर्च की कार्रवाई सोमवार सुबह 5 बजे तक चली।

### आरोपियों के अन्य ठिकानों को तलाश रही एसीबी

एसीबी की जांच में पता चला है कि सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह रिश्वत के बदले पिछले कई महीनों से कमेटी के सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर करते हुए फर्जी एनओसी बनाकर कई अस्पतालों को दे चुका है। एसीबी की टीम आरोपियों के कई अन्य ठिकानों पर जांच कर रही है। साथ ही पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## जरूरी खबर

### जोशी की नामांकन सभा की तैयारियों का लिया जायजा



**जयपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सांसद सीपी जोशी मंगलवार को चित्तौड़गढ़ से अपना नामांकन भरेंगे। नामांकन रैली की तैयारी का जायजा लेने स्वायत शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा सोमवार को चित्तौड़गढ़ पहुंचे। उन्होंने विधायक चंद्रभान सिंह आक्या और पार्टी जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट के साथ जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मीडिया से बातचीत में खर्रा ने बताया कि सुबह 9:30 बजे नामांकन रैली का कार्यक्रम है। ईनाणी सिटी सेंटर से जोशी कार्यकर्ताओं के साथ रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री सहित कई नेता मौजूद रहेंगे।

### सोशल मीडिया पर 5 फेक न्यूज वीडियो हटाए

**जयपुर।** राजस्थान में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के क्रम में निर्वाचन विभाग की ओर से सोशल मीडिया पर चुनाव संबंधी पोस्ट और वीडियो पर नजर रखी जा रही है। इस क्रम में राज्य स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी की अनुशंसा पर 5 फेक न्यूज वीडियो को यूट्यूब, व्हाट्सएप, एक्स आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटा दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने सोमवार को सभी जिला मीडिया नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि फेक न्यूज एवं हेट स्पीच की लगातार मॉनिटरिंग की जाए।

### पुलिस व SST टीम ने जब्त की पांच लाख की नकदी



**जयपुर।** मनिया थाना पुलिस व एसएसटी टीम ने सोमवार को संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए लोकसभा आम चुनाव की आचार संहिता के तहत बरेठा चौकी पर चैकिंग के दौरान एक गाड़ी से 5 लाख रुपए जब्त किए हैं। वाहन मालिक इस राशि के कोई वैध दस्तावेज नहीं दे पाया। धौलपुर जिले की राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र की मनिया पुलिस व एसएसटी टीम ने इंटर स्टेट चैक पोस्ट बरेठा चौकी पर यह कार्रवाई की। मनिया थाना पुलिस ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और एडिशन एसपी व सीओ मनिया के सुपरविजन में लोकसभा चुनाव 2024 के मध्येनजर बरेठा चौकी पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस और SST टीम ने यह कार्रवाई की।

---

**दौसा में कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद, कांग्रेस पर साधा निशाना**

# जातिगत मुद्दों को उछालकर जहर घोलना चाहती है कांग्रेस

### भाजपा की जीत के लिए कार्यकर्ताओं से जन-जन तक पहुंचने का किया आह्वान

**बेधड़क | दौसा**



लोकसभा चुनाव के रण में अब नेताओं के बीच अब आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। वहीं चुनाव रण में अब प्रचार के लिए दिग्गज नेता मैदान में उतरने लगे हैं। नेताओं की बयानबाजी से माहौल में गरमाहट दिखाई देने लगी है। सोमवार को दौसा में प्रदेश के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कांग्रेस पर जमकर जुबानी हमला बोला। वे भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा के लिए जन समर्थन जुटाने दौसा पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से मिलकर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। भाजपा की जीत के लिए उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जन-जन तक पहुंचने की बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और उनकी ओर से लागू की गई योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने की बात कही। इस दौरान किरोड़ीलाल मीणा ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दौसा में ही नहीं, पूरे देश में जातिवाद का जहर फैलाना चाहती है। देश में जातिगत मुद्दों को उछालकर 60 साल तक जाति के नाम पर जो उन्होंने किया है, वहां फिर से देश को ले जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में सिर्फ राष्ट्रवाद हावी रहा है।

### एसी-एसटी वर्ग को बहका रही कांग्रेस

मंत्री किरोड़ी ने कहा कि दौसा लोकसभा में हमारा प्रत्याशी कमल का फूल है। इसलिए किसी प्रकार का असंतोष कार्यकर्ताओं में नहीं है। भाजपा के खिलाफ जो भ्रम कांग्रेस फैला रही है, उन भ्रमों को जनता के बीच जाकर दूर करेंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि कांग्रेस एससी और एसटी वर्ग को बहकाने के लिए भाजपा द्वारा आरक्षण खत्म करने की बात कह रही है। जब तक मोदी है, तब तक आरक्षण को कोई हाथ भी नहीं लगा सकता। आरक्षण को प्रधानमंत्री मोदी ने बढ़ाया है। इसे और आगे बढ़ाने का काम भी पीएम मोदी करेंगे। उन्होंने कहा कि आरक्षण को मजबूती देने का काम भी पीएम मोदी ही करेंगे।

### अंबेडकर को हराने के लिए नेहरू मुंबई गए

किरोड़ी मीणा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आरक्षण को लेकर कांग्रेस का रवैया ठीक नहीं था। कांग्रेस ने तो खुद संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर, जिन्होंने आरक्षण दिया, उनको पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू ने मुंबई में जाकर हराया था। पीएम मोदी ने पंच तीर्थ अंबेडकर के नाम पर बनाए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो एससी-एसटी के महापुरुषों का सम्मान बढ़ाया है। डॉ. मीणा ने खुद के लिए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मेरे जैसे एसटी के आदमी को राज्यसभा का सांसद बनाया और दौसा से ही रामकुमार वर्मा जो एससी से आते हैं, उन्हें भी राज्यसभा सांसद बनाया, लेकिन कांग्रेस के पास एक भी उदाहरण ऐसा नहीं है, जिसमें कांग्रेस ने कभी एससी या एसटी के लोगों को राज्यसभा सांसद बनाया हो।

---

**लोस चुनाव के मद्देनजर कार्रवाई, 800 से अधिक हथियार पकड़े**

# लोगों ने 1.62 लाख लाइसेंसी हथियार थानों में कराए जामा

■ कानून व्यवस्था की स्थिति पर पुलिस रख रही पैनी नजर

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान में भयमुक्त, निष्पक्ष एवं भेदभाव रहित चुनाव करवाने के लिए प्रदेशभर में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इस क्रम में राज्य पुलिस ने अब तक 800 से अधिक अवैध हथियार जब्त किए हैं तथा 1.62 लाख लाइसेंसी हथियार जमा किए गए हैं। चुनाव गतिविधियों के सन्दर्भ में इस कार्रवाई के बारे में राजस्थान पुलिस मुख्यालय की ओर से भारत निर्वाचन आयोग को नियमित रूप से रिपोर्ट भी भेजी जा रही है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त प्रवीण गुप्ता ने बताया कि 16 मार्च को लोकसभा आम चुनाव का कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही आचार संहिता लागू होने के बाद से ही राज्य पुलिस अवैध हथियारों तथा वांछित अपराधियों की धरपकड़, लाइसेंसी हथियारों को जमा करने तथा चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें पाबंद करने की कार्रवाई की जा रही है। इस सम्बन्ध में नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार राज्य पुलिस ने अब तक 804 अवैध हथियार, 372 गोलियां, 1,268 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ और 7 आईईडी (बम) जब्त किए हैं।

एक अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री पर भी छापे की कार्रवाई की गई है। गुप्ता ने बताया कि राज्य पुलिस ने प्रदेशभर में कुल 1,62,777 लाइसेंसशुदा हथियारों में से 1,53,459 को विभिन्न पुलिस थानों में जमा करवाया गया है। 1,692 हथियार लाइसेंस निरस्त किए गए हैं तथा 46 हथियारों को जब्त किया गया है।



### बूथ स्तर पर बढाएं स्वीप गतिविधियां

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा चुनाव में राज्य में मतदान प्रतिशत बढाने के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक समर्पित सहायक निर्वाचक अधिकारी के अंतर्गत 200-300 मतदान केन्द्रों में से हर बूथ के लिए बूथ स्तरीय स्वीप कार्य योजना तैयार की गई है। इस कार्य योजना में 21 विभागों के ग्रासरूट स्तर के कार्मिकों की ओर से प्रत्येक मतदाता तक पहुंच कर उसे मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मतदान दिवस के लिए हेला टोलियों के माध्यम से भी घर-घर पहुंच कर मतदान करने का आह्वान किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मतदाता निर्वाचक अधिकारियों एवं समर्पित सहायक मतदाता निर्वाचक अधिकारियों को संबोधित करते हुए निर्देशित किया कि उनके क्षेत्राधिकार में विधानसभा स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत विधानससभा चुनाव-2023 में 90 प्रतिशत से अधिक मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों को चिह्नित कर उन पर किए गए नवाचार को लोकसभा चुनाव के लिए भी जारी रखते हुए विधानसभा चुनाव के मतदान प्रतिशत से आगे जाने का प्रयास करें।

### प्रदेश में 1.13 लाख से अधिक लोग पाबंद

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने 36,247 लोगों को अपराध प्रक्रिया संहिता की धाराओं 107, 108, 110 एवं 151 आदि के तहत पाबंद किया है। इसी प्रकार 77,108 लोगों को संहिता की उक्त धाराओं के साथ ही 109 और 116(3) धाराओं के तहत पाबंद किया है। इस अवधि में 1,621 लोगों को विभिन्न अपराधों के विषय में नोटिस भी जारी किए हैं। गुप्ता ने बताया कि राजस्थान पुलिस ने प्रदेश में 1,400 ढाणियों को संवेदनशील आबादी और 4,321 व्यक्तियों को गड़बड़ी फैलाने वाले संदिग्ध लोगों के रूप में चिह्नित किया है।

---

**ओडिशा स्थापना दिवस मनाया**

## पारंपरिक विरासत और जीवंत संस्कृति वाला प्रदेश बताया

**बेधड़क | जयपुर**




राजभवन में सोमवार को ओडिशा स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस दौरान ओडिशा के स्थानीय लोगों से संवाद कर उन्हें स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामना दी। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि ओडिशा समृद्ध पारंपरिक विरासत के साथ जीवंत संस्कृति वाला प्रदेश है। उन्होंने ओडिशा को भगवान जगन्नाथ, लिंगनाथ की धरती बताते हुए कहा कि अध्यात्म की भारतीय परंपरा से जुड़ी यह भूमि कला की भारतीय परंपरा से भी सर्वाधिक समृद्ध है। उन्होंने कोणार्क, उदयगिरि और खंडगिरि की गुफाओं की चर्चा करते हुए कहा कि हमारी जो कलात्मक धरोहर है, सभी उसे संरक्षित करने में भी योगदान दें। उन्होंने विश्व इतिहास में प्रसिद्ध रहे कलिंग युद्ध और सम्राट अशोक के हृदय परिवर्तन की चर्चा करते हुए मानवीय मूल्यों के लिए कार्य करने का आह्वान किया। राज्य मिश्र ने ओडिशा के समृद्ध अतीत को याद करते हुए भविष्य के विकास के लिए सतत प्रतिबद्ध होकर कार्य करने पर जोर दिया।

---

**4 अप्रैल को भरेंगे पर्चा, जनआशीर्वाद महासभा भी होगी**

## आंजना की नामांकन सभा में आएंगे कांग्रेस के दिग्गज नेता

**बेधड़क | जयपुर**



चित्तौड़गढ़ से कांग्रेस के प्रत्याशी उदयलाल आंजना 4 अप्रैल को जिला मुख्यालय पर अपना नामांकन पत्र भरेंगे। इस मौके पर जन आशीर्वाद महारैली भी निकाली जाएगी। इसमें कांग्रेस के कई राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय दिग्गज नेता सम्मिलित होंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भेरूलाल जाट ने बताया कि कांग्रेस नेता आंजना 4 अप्रैल को नॉमिनेशन फाइल करेंगे। नामांकन से पहले सुबह 10:15 बजे शहर में महाराणा प्रताप सेतु (नई पुलिया) के समीप स्थित ईनाणी सिटी सेंटर पर जन आशीर्वाद महासभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें कांग्रेस के कई राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय नेता सम्मिलित होंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा के बाद आंजना महारैली के रूप में शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा आदि के आने का कार्यक्रम हैं।

---

## खबरों में बेधड़क खबर



■ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता

### टाइगर का ब्रेनवॉश कर रहे हैं ब्रेवो

खाकी में तैनात एक ब्रेवो का अभी भी राजधानी से मोह नहीं छूट पा रहा है। साहब अक्सर किसी न किसी मामले को लेकर अफसरों के बीच में टांग अड़ा देते हैं। हालांकि ब्रेवो साहब अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। क्योंकि ब्रेवो की षड़यंत्रकारी कार्यशैली से हर कोई वाकिफ है। चर्चा है कि राजधानी में तैनात एक टाइगर साहब की छवि वैसे तो स्वच्छ है, लेकिन ब्रेवो साहब टाइगर साहब के दफ्तर में कई घंटों का समय दे रहे हैं और उनका ब्रेनवॉश करने की पूरी रणनीति पर काम कर रहे हैं। क्योंकि ब्रेवो को जिले की पूरी एबीसीडी पता है। ऐसे में कारनामे उजागर होने के डर से ब्रेवो टाइगर को गुमराह कर रहे हैं। टाइगर भी तेज-तर्रार अफसर हैं। ऐसे में ब्रेवो की उनके सामने दाल नहीं गलने वाली है।

### लाखों की ठगी के आरोपी को छोड़ दिया

राजधानी के ईस्ट जिले के एक थाने में तैनात दरोगा साहब ने लाखों रुपए के ठगी के आरोपी को पकड़ने के दस घंटे बाद ही छोड़ दिया। खाकी में आरोपी को छोड़ने के कई मायने निकाले जा रहे हैं। चर्चा है कि थाने की कमान ट्रेनी साहब के पास है। मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचा तो दरोगा साहब ने ट्रेनी साहब को इस कदर गुमराह कर दिया की वे कुछ समझ ही नहीं पाए। उच्चाधिकारियों ने ट्रेनी साहब से मामले की जानकारी मांगी तो दरोगा साहब ने ट्रेनी साहब को गुमराह करके ऐसा पाठ पढ़ाया कि उसी पाठ को ट्रेनी साहब ने उच्चाधिकारियों को पढ़ाकर मामले को शांत करा दिया। हालांकि खाकी में इस मामले की चर्चा जोरों पर है।

### साहब के मंसूबों पर पानी फेर रहे हैं खाकी के विशेष महारथी

शहर में मादक पदार्थ तस्करों की धरपकड़ के लिए बनाई गई विशेष टीम के एक विशेष महारथी एमआई रोड़ वाले ऑफिस में बैठने वाले बड़े साहब के मंसूबों पर पानी फेरने में लगा हुए हैं। दरअसल साहब तस्करों पर अंकुश लगाना चाहते हैं, लेकिन टीम में शामिल एक विशेष महारथी ने तस्करों से गठजोड़ कर रखी है। ऐसे में टीम द्वारा केवल पुड़िया बेचने वालों को पकड़ा जा रहा है और उनको जो पुड़िया उपलब्ध कराता है, उनके नेटवर्क तक नहीं पहुंचते है। क्योंकि उससे पहले ही विशेष महारथी को सेवा शुल्क मिल जाता है। चर्चा है कि विशेष महारथी की शरीर की लंबाई-चौड़ाई ऐसी है कि तस्कर हर माह की दस तारीख से पहले उससे संपर्क कर लेते हैं।

### साहब ने मंच पर अधीनस्थों का जीता दिल

कानून व्यवस्था व अपराध पर अंकुश लगाने के लिए तैनात किए गए एमआई रोड़ वाले ऑफिस में बैठने वाले बड़े साहब ने अपने अधिनस्थों का दिल जीत लिया। साहब तेज-तर्रार अफसर माने जाते हैं। गड़बड़ करने और काम नहीं करने वाले अधीनस्थ अफसर साहब के टारगेट पर ही रहते हैं। चर्चा है कि साहब कभी किसी के कामकाज की तारीफ नहीं करते हैं। अगर किसी की तारीफ करते भी है तो कोई ना कोई नुक्श निकाल देते हैं। साहब ने लेकिन रंगोत्सव के दौरान एक गामा साहब की विक्टर और सैकड़ों जवानों व अधिनस्थों के सामने तारीफ करके सबका दिल जीत लिया। सबके जहन से एक ही बात निकल रही थी कि साहब ने पहली बार किसी की तारीफ की है। यह वाकिया चर्चा का विषय बना हुआ है।

---

**प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने बोला जुबानी हमला**

# एजेंसियां स्वतंत्रता से कर रही काम, इससे बौखला रहे विपक्ष के नेता

**बेधड़क | जयपुर**

देश की राजधानी दिल्ली में रविवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन की ओर से निकाली गई रैली को लेकर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जांच एजेंसियों को स्वतंत्र रूप से काम करने का मौका दिया। इसलिए भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है, लेकिन इस कार्रवाई से विपक्ष में बोखला गया है और विपक्षी नेताओं में खलबली मची हुई है। यही वजह है कि भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए दिल्ली में रैली आयोजित की गई। दाधीच ने कहा कि रविवार को दिल्ली में इंडी गठबंधन की, जो रैली हुई थी उसका उद्देश्य भ्रष्टाचारियों को बचाना था। इस रैली को लेकर भी इस गठबंधन में एक राय नहीं थी। आम आदमी पार्टी ने कहा कि यह रैली केजरीवाल के समर्थन में हुई है, जबकि कांग्रेस ने कहा कि यह रैली किसी व्यक्ति विशेष की नहीं, बल्कि गठबंधन की रैली है। इसलिए मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि इस गठबंधन के पास न तो कोई नेता है, न नीति है और न ही इनके पास नेक नियत है। उन्होंने कहा कि राजनीति में जब राजनीतिक पार्टियों के बीच गठबंधन होता है तो सीटों के बंटवारे को लेकर एक फार्मूला बनता है, लेकिन इस गठबंधन में ऐसा कुछ नहीं है। इंडी एलायंस की एक नेता पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कांग्रेस पर आरोप लगाती हैं कि कांग्रेस भाजपा को चुनाव जितवा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में कहा था कि 'न खाऊंगा और न ही खाने दूंगा' उसी संकल्प के साथ भाजपा ने जांच एजेंसियों को स्वतंत्र रूप से काम करने का मौका दिया है। हालांकि, जब एजेंसियां भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं तो भ्रष्टाचारियों के पेट में दर्द हो रहा है।



### कोई नेता बेल पर तो कोई पैरोल पर

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं के चरित्र की बात करें तो कोई नेता बेल पर है, तो कोई पैरॉल पर तो किसी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की 140 करोड़ लोगों की सेवा करने के लिए कृत संकल्पित हैं। 2014 के बाद देश को तीन तरह से नई दिशा देने का काम किसी ने किया है तो वो मोदी हैं, जिन्होने पहली बार देश में विकास के नाम पर वोट मांगना, गरीबों का कल्याण करना, राष्ट्रीय स्वाभिमान को जगाना, विकसित भारत का विजन, गरीबों के जीवन को सरल बनाया है।

---

**दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा सभा को करेंगे संबोधित**

## BJP के कई प्रत्याशी आज भरेंगे पर्चा




भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी चित्तौड़गढ़ से और सुखबीर सिंह जौनापुरिया मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उनकी नामांकन सभा को भाजपा के कई नेता संबोधित करेंगे। जानकारी के अनुसार उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी सीपी जोशी की नामांकन सभा में शामिल होंगी। इस दौरान सुबह 11:15 बजे नामांकन सभास्थल पर पहुंचेंगी और सभा को संबोधित करेंगी। इसके बाद दोपहर 1:15 बजे टोंक-सवाईमाधोपुर से भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया की नामांकन सभा को संबोधित करेंगी। नियत कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 2 बजे टोंक में भाजपा पदाधिकारियों और चुनाव प्रमुखों से विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के पश्चात जयपुर के लिए रवाना होंगी। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा मंगलवार को सुबह 9 बजे जयपुर से अजमेर के लिए रवाना होंगे और अजमेर लोकसभा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी की नामांकन सभा को संबोधित करेंगे।

## जरूरी खबर

### मौसमी बीमारियों को लेकर विभाग अलर्ट



**जयपुर।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से इस साल मौसमी बीमारियों के ज्यादा फैलने की आशंका जताए जाने के बाद चिकित्सा विभाग अलर्ट मोड पर आया है। मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर चिकित्सा एसीएस शुभ्रा सिंह ने सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही घरों में मच्छरों के लार्वा पाए जाने पर नोटिस और चालान के निर्देश भी जारी किए गए हैं। एसीएस ने 17 विभागों के साथ बैठक कर समन्वय से मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए निर्देश दिए हैं। वहीं दूसरी मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए नागरिक उड्डयन विभाग की ओर से पैसेंजर की बुखार की स्क्रीनिंग के साथ ही येलो फीवर से प्रभावित देशों के यात्रियों की स्क्रीनिंग के निर्देश भी दिए गए हैं।

### बाइक सवार बदमाशों ने युवती से छीना बैग

**जयपुर।** जयपुर में स्कूटी सवार युवती से लूट का मामला सामने आया है। पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। एएसआई झण्डूराम ने बताया कि प्रताप नगर निवासी 22 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसने बताया- वह जयपुर एयरपोर्ट पर जॉब करती है। रात करीब 8:30 बजे वह स्कूटी से घर लौट रही थी। एयरपोर्ट टर्मिनल-1 से 7 नंबर चौराहे की ओर आ रही थी। इसी दौरान पीछे से बाइक सवार 2 बदमाश आए। स्कूटी के पास बाइक लगाकर बदमाशों ने बैग खींचकर छीन लिया। पीड़िता के शोर मचाकर पीछा करने पर दोनों बदमाश बैग लेकर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। बैग में लैपटॉप, आईफोन और 7 हजार रुपए रखे थे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**बास्योड़ा: हर्षोल्लास के साथ मनाई शीतलाष्टमी, शहरभर में आयोजन**

# माता को लगाया ठंडे पकवानों का भोग

■ अच्छे स्वास्थ्य और सुख-शांति के लिए मां से की कामना ■ तारों की छांव में परिवार सहित मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी जयपुर में सोमवार को लोकपर्व शीतलाष्टमी को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शीतला अष्टमी (बास्योड़ा) के पर्व पर माता के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। छोटीकाशी जयपुर में सोमवार को माता का विशेष पर्व शीतलाष्टमी यानी बास्योड़ा पारंपरिक रीति रिवाज और हर्षोल्लास से मनाया गया।

महिलाओं ने तारों की छांव में शीतला माता के दरबार में ठंडे पकवानों का भोग लगाकर सुख समृद्धि की कामना की। माता के दूध, दही, पुरी, राबड़ी, पापड़ी, पेठा, हलवा, मुगथाल, नमकीन, सहित अनेक पकवानों का भोग लगाया। महिलाओं ने ठंडे पानी से नहाकर पूजा के लिए मिट्टी के नौ कंडवारों में रांधा पुआ के दिन बनाए गए पुआ-पकौड़ी, दही, राबड़ी, रोटी, बाजरा, चावल, मूंगथाल सहित विभिन्न पकवान रखे। दूसरी थाली में आटे से बना दीपक के अलावा पूजा सामग्री रखी। मिट्टी के करवे में ठंडा पानी भरकर महिलाएं गीत गाती हुई शीतला माता मंदिर पहुंची और शीतला माता की पूजा की। इसके बाद महिलाओं ने जहां होलिका दहन हुआ वहां जल और पूजन सामग्री से पूजन किया। मां से संतान की दीर्घायु और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान घरों में चूल्हे नहीं जले और सिर्फ रांधा पुआ पर बनाए भोजन ही किया। इधर शीतला अष्टमी पर लोगों ने अवकाश मनाया।

जयपुर के आमेर में दिल्ली रोड स्थित नई माता मंदिर में शीतलाष्टमी के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। अल सुबह से ही माता के दरबार में भक्तों का तांता लगा रहा। महिलाओं ने माता के गीत गाकर ठंडे पकवानों का भोग लगाया। माता के भक्त माता की जयकारे लगाते हुए मंदिर पहुंचे। नई माता मंदिर में महिलाओं ने दूध, राबड़ी, दही, पापड़ी, पेठा, हलवा, मूंगथाल, नमकीन, पूरी समेत विभिन्न पकवानों का भोग लगाया। ऐसी मान्यता है कि शीतला अष्टमी सर्दियों के मौसम खत्म होने का संकेत होता है। इसे सर्दी क मौसम का आखिरी दिन माना जाता है। ऐसे में शीतला माता को इस दिन बासी खाने का भोग लगाने की परंपरा है।



फोटो: राजेश कुमावत



### घर-घर में पूजी गई माता

शीतलाष्टमी के एक दिन पहले घर-घर में राधां पुआ के दौरान विभिन्न पकवान बनाए गए। इसके दूसरे दिन सुबह शीतलाष्टमी पर ठंडे पकवानों का माताजी के दरबार में भोग लगाया गया। शहर के हर छोटे बड़े मंदिरों में सुबह से पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया। इस मौके पर महिलाओं ने माता के गीत गाते भी गाए और कई जगह माता की झांकी सजाई गई। महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सभी माता के दरबार में धोक लगाने पहुंचे। नई माता मंदिर में चल रहे मेले में दूर दराज से लोगों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। नई माता मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना है। इस प्राचीन मंदिर की कई खास मान्यताएं हैं। यहां पर दूर दराज से भी श्रद्धालु माता के दरबार में धोक लगाने के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि जो भी बच्चा जन्म लेता है, उसको माता रानी के लाने से चेचक का रोग नहीं होता है और अगर किसी के चेचक हो जाता है तो माता रानी की शरण में यह रोग हमेशा के लिए मिट जाता है।

## बाग-बगीचों में गणगौर पर्व की रौनक

**बेधड़क** | जयपुर

छोटीकाशी में सोमवार को बाग-बगीचों में गणगौर पर्व की रौनक छाई रही। शीतला सप्तमी (बास्योड़ा) पर सोलह दिन गणगौर पूजा करने वाली महिलाओं ने बच्चियों को ईसर गणगौर के रूप में सजा-धजाकर तैयार किया। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ मंगल गीत गाती हुई महिलाएं ईसर गणगौर को बाग-बगीचों में लेकर पहुंची। वहां हरे वृक्ष की परिक्रमा कराई भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की गई। शहरभर में दोपहर बाद ईसर-गणगौर की झांकियां निकाली गई। राजधानी के पौण्ड्रिक उद्यान, जय निवास उद्यान, नेहरू गार्डन और कई मंदिरों में ढोल-बाजे के साथ सैकड़ों जोड़ो का सांकेतिक विवाह हुआ। दरअसल, शीतलाष्टमी के अवसर पर गणगौर पूजने वाली महिलाओं की टोली अपने घर की नन्हीं बच्चियों को ईसर गणगौर का स्वरूप मानते हुए, उन्हें दूल्हा दुल्हन बनाकर बाग बगीचों की सैर कराने के लिए निकली। यहां दूल्हा-दुल्हन बनी बच्चियों का सांकेतिक विवाह रचाया गया और महिलाओं ने गणगौर माता के गीत गाते हुए सुहाग की लंबी उम्र की कामना की। इसके साथ ही युवतियों ने अच्छे वर की कामना की।



**कालभैरव प्राचीन मंदिर में किए दर्शन**

## राज्यपाल ने गोशाला में की गोसेवा

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र सोमवार को जयपुर स्थित पिंजरापोल गोशाला स्थित वैदिक वन औषधीय पौध केन्द्र पहुंचे। उन्होंने वहां गौ माता की पूजा कर गौ सेवा के लिए किए जा रहे कार्यों, दुर्लभ औषधियों पौधों के बारे में जानकारी प्राप्त की। पिंजरापोल गोशाला में उन्होंने प्राचीन काल भैरव मंदिर के भी दर्शन कर पूजा अर्चना की। मिश्र ने इस दौरान वनौषधियों के संरक्षण के साथ ही जैविक फसल उत्पादन, वनों के संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने गौ माता के गोबर से बनी लकड़ी, अन्य उत्पादों का उपयोग करने और गौ-धन संरक्षण के लिए सबको मिलकर प्रयास करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गौ-माता हमारा पोषण करती है।



**बिजनेसमैन को लूटने वाली गैंग का पर्दाफाश**

## प्रॉपर्टी डील के बहाने एडवांस ले हो जाते थे फरार

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर पुलिस ने बिजनेसमैन से करोड़ों रुपए ठगने वाली गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ठग गैंग प्रॉपर्टी में रुचि रखने वाले कारोबारियों को टारगेट करते थे। जमीन खरीदने पर मोटे प्रॉफिट का लालच देकर बड़े होटलों में मीटिंग के बहाने एडवांस (साईपेटे) में लाखों रुपए लेकर फरार हो जाते थे।

विश्वकर्मा थाना पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है। DCP (वेस्ट) अमित कुमार ने बताया- इस अंतरराज्यीय ठग गैंग के बदमाश रामवतार शर्मा (54), उसके भाई राजेन्द्र प्रसाद (48) निवासी जाजोद सीकर, पंकज शुक्ला (35) और नरेन्द्र कुमार (38) निवासी मुरादाबाद उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। गैंग में 8-10 लोग शामिल हैं। प्रॉपर्टी खरीद कर ज्यादा फायदे का लालच देकर गैंग के बदमाश कारोबारियों से ठगी करते थे। आरोपी भाई रामवतार और राजेन्द्र की सीकर में पुश्तैनी जमीन है। गैंग के बदमाश उत्तर प्रदेश निवासी पंकज शुक्ला, नरेन्द्र कुमार और अन्य कस्टमर ढूंढने का काम करते। प्रॉपर्टी में रुचि रखने वाले कारोबारियों को गैंग के बदमाश टारगेट कर कॉन्टैक्ट करते। सस्ते में जमीन का सौदा करवाकर उसी जमीन को मोटे प्रौफिट में बिकवाने का झांसा देते। बातों के जाल में फंसने पर आरोपी जमीन मालिक राजेन्द्र प्रसाद और रामवतार से बड़े होटल में मीटिंग कराते थे। सौदा तय कर एडवांस के लाखों रुपए ठग कर फरार हो जाते।



**RTO के चक्कर काटने के झंझंट से मिली आजादी**

# अब मोबाइल में ही वाहन की आरसी और लाइसेंस सहेज सकेंगे लोग


**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में 1 अप्रैल से कई सरकारी नियमों में बदलाव हो गया है। इधर, परिवहन विभाग में भी नए लाइसेंस और आरसी बनाने के लिए नियमों में बदलाव किया गया है। जिसके तहत अब लाइसेंस और आरसी के स्मार्ट कार्ड नहीं मिलेंगे। अब परिवहन विभाग की ओर से लोगों को ई लाइसेंस और ई आरसी दी जाएगी।

अब आमजन को लाइसेंस और आरसी बनवाने के लिए परिवहन विभाग के चक्कर नहीं काटे पड़ेंगे। लोग खुद या अपने नजदीकी ईमित्र पर जाकर लाइसेंस और आरसी के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए भुगतान प्रक्रिया भी ऑनलाइन होगी। ऑनलाइन आवेदन के बाद ही आरटीओ कार्यालय में आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। प्रदेशभर में अलग-अलग परिवहन कार्यालयों में सोमवार को इसकी शुरुआत की गई। आरटीओ से आवेदक के मोबाइल पर लिंक भेजा जाएगा। लिंक से आवेदक अपना ई-लाइसेंस और आरसी डाउनलोड कर सकेगा। इतना नहीं, आरटीओ कार्यालयों में लोगों की सुविधा के लिए कियोस्क लगाए गए हैं। कियोस्क से लोग ई-लाइसेंस और ई-आरसी पेपर और पीवीसी प्रिंट निकलवा सकेंगे। पीवीसी प्रिंट के लिए 30 रुपए ऑनलाइन चार्ज लगेगा। पेपर प्रिंट कहीं से भी निकलवाए जा सकते हैं। सोमवार से स्मार्ट कार्ड के 200 रुपए फीस से कम हो गए हैं। अभी तक लाइसेंस-आरसी की फीस के साथ 200 रुपए स्मार्ट कार्ड के लिए जाते थे।

### जयपुर में अवकाश के कारण नहीं पहुंचे आवेदक

अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन गोपाल सिंह ने अजमेर के किशनगढ़ डीटीओ कार्यालय में शुरुआत की। अपर आयुक्त कुसुम राठौड़ ने चित्तौड़गढ़ RTO कार्यालय में शुरुआत की। जबकि जॉइंट कमिश्नर जगदीश बैरवा ने भरतपुर RTO कार्यालय में इसकी शुरुआत की। हालांकि जयपुर में जिला कलेक्टर की ओर से शीतला अष्टमी के स्थानीय अवकाश होने के चलते विधिवत शुरुआत नहीं हो सकी। जयपुर में झालाना, जगतपुरा और विद्याधर नगर स्थित तीनों परिवहन कार्यालय खुले रहे, लेकिन अवकाश के चलते लोग लाइसेंस बनवाने नहीं पहुंचे।



### लाइसेंस-आरसी के लिए नई व्यवस्था

- ई-डीएल, ई-आरसी डाउनलोड करने के लिए परिवहन पोर्टल पर जाना होगा।
- लाइसेंस विवरण, जन्मतिथि डालकर ओटीपी डालना होगा।
- वाहन आरसी के लिए व्हीकल नंबर, चैसिस नंबर डालने होंगे।
- मोबाइल पर ओटीपी के जरिए ई-आरसी को डाउनलोड किया जा सकेगा।
- ई-डीएल, ई-आरसी को एक से अधिक बार भी डाउनलोड करना संभव।
- ई-डीएल, ई-आरसी के पीडीएफ फॉर्मेट का प्रिंट भी ले सकते।
- किसी ई-मित्र केन्द्र से पीवीसी कार्ड पर 30 रुपए में ले सकते प्रिंट। या साधारण कागज पर लिया हुआ प्रिंट भी होगा मान्य।
- शुरुआत में परिवहन कार्यालयों में ई-मित्र प्लस मशीन से भी प्रिंट ले सकेंगे।

## जरूरी खबर

### मतदान के प्रति जागरूकता के लिए वॉकथान आज



**सीकर।** लोकसभा चुनाव से पहले मतदाता जागरूकता के तहत मंगलवार को सीकर जिला प्रशासन की ओर से वॉकथॉन का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरुआत सुबह 6:30 बजे एसके स्कूल खेल ग्राउंड से होगी। इसमें स्टूडेंट्स सहित शहरवासी भी हिस्सा लेंगे। सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कमर उल जमान चौधरी सहित अन्य अधिकारियों ने पोस्टर विमोचन किया। वॉकथान स्कूल के खेल ग्राउंड से शुरू होकर जमनालाल बजाज सर्किल,अंबेडकर सर्किल, दो नंबर डिस्पेंसरी, सूरजपोल गेट,जाट बाजार, कल्याण सर्किल होते हुए वापस एसके स्कूल पहुंचेगी।

### ढाई साल के मासूम को पिकअप ने कुचला, मौत

**बालोतरा।** जिले में एक पिकअप ने ढाई साल के मासूम को कुचल दिया। गाड़ी के दोनों टायर बच्चे के ऊपर से गुजर गए, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मासूम अपनी मां के साथ मंदिर गया था। एएसआई हनुमानराम ने बताया कि ढाई साल का कुणाल अपनी मां के साथ घर से करीब 100 मीटर दूर स्थित मंदिर में गया था। कुणाल की मां अन्य महिलाओं के साथ पेड़ के नीचे शीतला माता की कथा सुन रही थी। इसी दौरान बच्चा अपनी मां की तरफ जा रहा था और सड़क पर आ रही एक पिकअप की चपेट में आ गया। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई।

### पेयजल की मांग को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन



**अलवर।** प्रदेश में गर्मी की शुरुआत के साथ ही अलवर में पानी की समस्या लगातार गहराने लगी है। पीने का पानी नहीं मिलने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है, जिसका नजारा शहर के वार्ड नंबर 41 में देखने को मिला। लोगों ने पानी की समस्या को लेकर गोविंद नगर स्थित पानी की टंकी पर चढ़कर प्रदर्शन किया। इस मामले में पार्षद प्रतिनिधि जगदीश अटल ने बताया कि वार्ड में काफी दिनों से पानी की समस्या है। स्थानीय लोगों का कहना है अलवर शहर में कई जगह इस टंकी से सप्लाई की जाती है, लेकिन उनके वार्ड में सिर्फ 10 मिनट के लिए पानी दिया जाता है।

---

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण रूप से कराने को लेकर आपराधिक तत्वों पर लगातार चल रही कार्रवाई

# हाईवे की होटलों में सर्च अभियान, 29 वांछित आरोपी गिरफ्तार

बेधड़क | दौसा

लोकसभा चुनाव को लेकर दौसा जिले में लगातार पुलिस की कार्रवाई जारी है। दौसा पुलिस ने सोमवार को जिले में कई जगह कार्रवाई करते हुए दो इनामी बदमाशों और एक 13 साल से फरार चल रहे आरोपी सहित कुल 29 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

साथ ही जिले से गुजर रहे नेशनल हाईवे-21 पर स्थित होटलों की जांच कर होटल संचालकों को पाबंद किया है। इस दौरान होटल संचालकों को बिना आईडी के रूम नहीं देने की हिदायत दी गई है।



बैजूपाड़ा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रेमचंद प्रजापत निवासी मावरो की ढाणी गुढ़ाकटला ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें उसने बताया कि 16 जुलाई को 2023 को लोटवाड़ा से पैदल बांदीकुई आ रहा था। तभी पीछे से कार में आए 3 बदमाशों ने रोककर मारपीट की और उसे डरा-धमकाकर गाड़ी में डालकर ले गए। इस दौरान बदमाश उसे बांदीकुई होते हुए पिचुपाड़ा, सिकंदरा, गीजगढ़, सिकराय होते हुए बालाजी ले गए।

यहां आरोपियों ने मोबाइल छीनकर ऑनलाइन 36 हजार रुपए अपने खाते में डाल लिए। इसके बाद आरोपी युवक को बालाजी मोड़ पर पटककर फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच के दौरान एक आरोपी पिंटू मीना को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। इस मामले में आरोपी रिंकुराम मीना (25) और आशीष (20) निवासी बसेड़ी थाना मेहंदीपुर बालाजी को सोमवार को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त आरोपियों के खिलाफ दौसा एसपी ने 3-3 हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ है।

दोनों आरोपी दौसा जिले के टॉप-10 बदमाशों की सूची में शामिल हैं। इसी प्रकार रामगढ़ थाना प्रभारी बुद्धिप्रसाद ने बताया कि थाना क्षेत्र से 13 साल से फरार चल रहे आरोपी लालाराम उर्फ राजेंद्र बैरवा निवासी बिजलवास रामगढ़ पचवारा को गिरफ्तार किया है।

### पिकअप लूट का आरोपी गिरफ्तार

महुवा थाना पुलिस ने हथियार के बल पर पिकअप लूट के एक आरोपी को 4 माह बाद गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। महुवा थाने के सब इंस्पेक्टर रामचंद्र ने बताया कि आरोपी कुलदीप (19) पुत्र भाईराम गुर्जर निवासी बाढ़ गुलाल कुड़गांव ने 17 दिसंबर 2023 को पिकअप लूट की एक घटना को अंजाम दिया था। अब आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### चुनाव के मद्देनजर विशेष अभियान

एसपी रंजिता शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनावों को शांति पूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसमें 25 लोगों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया है। साथ ही 9 लोगों को पाबंद किया गया है। इस दौरान लावारिस वाहन दो कार और 6 बाइकों को जब्त किया गया है। साथ ही 8300 लीटर देसी शराब भी नष्ट की गई है और 56 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है।

---

अटूट आस्था के साथ बास्योड़ा पर्व पर भरा शीतला माता का मेला

# शील की डूंगरी पर शहरी व ग्रामीण परिवेश का दिखा अद्भुत संगम

■ लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई हाजिरी, ठंडे पकवानों का भोग अर्पित किया

मुकेश सिर्रा | बेधड़क

**चाकसू।** प्रत्येक धर्म और संस्कृति को संजोए धार्मिक नगरी चम्पावती (चाकसू) के लिए सोमवार का दिन विशेष रहा। यहां शीतला सप्तमी के पर्व पर घर-घर में बनाए ठंडे पकवानों से शीतला माता को भोग लगाया गया। इस मौके पर चाकसू स्थित शील की डूंगरी में परंपरागत मेला भरा।

शील की डूंगरी स्थित मंदिर में दो दिवसीय मेले में शहरी और ग्रामीण परिवेश की फिजां में मानो हरेक समाज घुल-मिल गया हो। शीतला माता के दर्शनों की आस्था भक्तों के सिर चढ़कर बोल रही थी। हाथों में श्रद्धा के फूल और प्रसाद लिए लाखों भक्तों ने करीब तीन सौ मीटर दूरी तक सीढ़ियां चढ़कर माता के दरबार में हाजिरी दी। इस दौरान पूरा वातावरण शीतला माता के जयकारों से गुंजता रहा। वैसे तो हर दिन यहां दर्शनार्थियों का आना लगा रहता है, लेकिन बास्योड़ा पर्व पर यहां मेले की अलग ही रंगत नजर आई।

गौरतलब है कि कोराना के बाद कुछ महिनों पहले गोवंस में फैले लम्पी बीमारी से हर कोई परेशान था, लेकिन ग्रामीणों में इस मंदिर के प्रति अटूट आस्था और विश्वास ने चाकसू सहित आस-पास इस गंभीर रोग को फैलने नहीं दिया। इसके बाद से यहां मन्नते लेकर पैदल यात्राओं का दौर जारी रहा। इसके बाद से अन्य दिनों में वीरान सी नजर आने वाली शील की डूंगरी के आस-पास का करीब पांच किलोमीटर का दायरा हर वर्ग के लोगों की खुशियां बटोर रहा है। कोरोना काल के बाद अब पूरे साल मंदिर में बड़ी चहल पहल रहने लगी।






### भक्तों ने माता से मांगी मन्नतें

मंदिर में माता के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था के साथ मेले की रौनक अष्टमी के इस पर्व में चार चांद लगा रही थी। दो दिवसीय इस मेले में रविवार देर रात से ही माता के दर्शनों की लंबी कतारें लगना शुरू हो गई थीं। मंदिर ट्रस्ट की माने तो यहां आरोग्य और सुख की कामना से दूर-दूर से आए लाखों भक्तों ने माता के समक्ष मन्नतें मांगी। गेहूं, जौ व बाजरे का दान किया। वहीं माता को नारियल, चुनरी भेंट की और मालपुए विभिन्न पकवानो का भोग लगाया।





### सुरक्षा के रहे विशेष इंतजाम

चाकसू एसीपी सुरेंद्र सिंह व थानाप्रभारी कैलाश दान ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टी से मेला परिक्षेत्र में 80 क्लोजेस्ट सीक्रेट कैमरे लगाए गए, जिससे हर गतिविधि पर पूरी नजर रखी गई। वहीं चप्पे-चप्पे पर 350 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात रहे। मेले में छुटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिप्रिय माहौल रहा। इधर, नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी शंभूलाल मीणा ने बताया मेले में छोटी बड़ी दुकाने, प्रसाद और बच्चों के खिलौने से सजे बाजार व नगर प्रशासन की व्यवस्थाएं लोगों को भा रही थी। हालांकि मनोरंजन के संसाधन झूले-चकरी, मौत का कुआं इस बार मेले में नजर नहीं आए। मेले में विधायक रामावतार बैरवा, पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा, पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा, कांग्रेस नेता गंगाराम मीणा, भरतलाल मीणा सहित अनेक गणमान्य लोगों ने माता के दर्शन कर मेला व्यवस्था में सहयोग किया।





### घूंघट में झांकती संस्कृति

मेला परिक्षेत्र में शहरी परिवेश के अलावा यहां संस्कृति का हर रंग नजरा देखने को मिला। घूंघट से झांकती व ट्रैक्टर, ऊंट गाड़ी व जीप कारे अन्य गाड़ी में बैठी महिलाएं इस परंपरागत मेले का आनंद उठाती नजर आ रही थीं। यह मेला प्रदेशभर का सबसे बड़ा मेला माना जाता है, जहां लाखों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचे हैं।

### चेचक रोग से छुटकारा

मान्यता है कि शीतला माता की पूजा से बच्चों में होने वाले रोग चेचक, फोड़ा, फुंसी आदि से छुटकारा मिलता है। इस मेले की खास बात यह रहती है कि इस दिन घरों में खाना नहीं बनाया जाता और पहले दिन बनाए गए ठंडे पकवानों का ही माता को भोग लगाया जाता है। घर के सभी सदस्य भी ठंडे भोजन को ही ग्रहण करते हैं। इससे माता की कृपा सदैव बनी रहती हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस लक्खी मेले के पीछे श्रद्धालुओ का मानना है कि जो भी बच्चा जन्म लेता है तो उसको मातारानी के पास लाने से चेचक का रोग नहीं होता है। अगर किसी के चेचक हो जाता है तो मातारानी की शरण में यह रोग हमेशा के लिए खत्म जाता है। इस कारण राजस्थान के दूर दराज क्षेत्रों से भी परिजन अपने बच्चों के साथ मेले में आते हैं और परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं।

---

गुजरात ले जाई जा रही थी खेप

# 30 लाख रुपए कीमत की अवैध शराब बरामद



बेधड़क | उदयपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर अब पुलिस प्रशासन एक्शन मोड में नजर आ रहा है। इसी कड़ी में उदयपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 लाख रुपए कीमत की अवैध शराब जब्त की है। उदयपुर के गोवर्धन थाना पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। ये अवैध शराब गुजरात ले जाई जा रही थी। पुलिस ने एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी निश्चिय प्रसाद ने बताया कि नेशनल हाईवे पर काया पुलिया थाने के पास नाकाबंदी के दौरान एक कंटेनर ट्रक को पकड़ा है। इसमें भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के कर्टन बरामद हुए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब ट्रक को रुकवा कर उसमें तलाशी ली गई तो उसमें अलग-अलग ब्रांड की शराब की बोतलें मिली। इसके बाद पूरे ट्रक की तलाशी ली गई। ट्रक से अंग्रेजी शराब के 232 कर्टन जब्त करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल पुलिस चालक को गिरफ्तार कर पूरे मामले की जांच कर रही है।

आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। थानाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि शराब से भरा ट्रक प्रतापनगर से बलीचा होते हुए गुजरात की तरफ जा रहा है। इसके बाद काया गांव में पुलिस के पास नाकाबंदी शुरू कर दी।

---

लीव इन पार्टनर व साथियों पर आरोप

# महिला को शराब पिला ट्रक में किया दुष्कर्म

**चाकसू।** हाईवे पर ट्रक में एक महिला से गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि दोस्तों के साथ मिलकर लिव-इन पार्टनर ने उसे शराब पिलाई और फिर उसके साथ रेप किया। शिवदासपुरा थाने में पीड़िता ने लिव इन पार्टनर व उसके दो साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसीपी चाकसू सुरेन्द्र सिंह कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि बारां निवासी 35 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया है कि वह पिछले डेढ़ साल से छाजू जाट को जानती है और उसके साथ लिव-इन रिलेशन में रह रही थी। छाजू के ट्रक में बजरी लेकर आने-जाने के दौरान वह भी उसके साथ चली जाती थी। आरोप है कि 15 दिसम्बर को छाजू के साथ बजरी लेने के लिए ट्रक में बैठकर गई थी। बीलवा शिवदासपुरा में छाजू ने अपने दोस्त दयाराम और गणेश के साथ मिलकर शराब पार्टी की। इस दौरान पीड़िता को भी जबरन शराब पिलाई। शराब पार्टी के बाद आरोपी लिव इन पार्टनर छाजू ने उसके साथ रेप किया। उसके बाद ट्रक से नीचे आने पर उसके दोस्त दयाराम और गणेश ने भी उसके साथ गैंगरेप किया।

---

पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़

# बदमाशों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, दस राउंड किए फायरिंग

■ लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई हाजरी, ठंडे पकवानों का भोग अर्पित किया

■ धौलपुर के वैनपुरा गांव की घटना, दो आरोपियों को दबोचा

बेधड़क | धौलपुर

कंचनपुर थाना क्षेत्र के वैनपुरा गांव में बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान हुई फायरिंग से इलाकें में दहशत फैल गई। यहां बदमाशों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर बदमाशों ने हमला कर दिया। इस दौरान दोनों तरफ से करीब 10 राउंड गोलियां चलीं।

पुलिस के दबाव को देख छत पर सो रहे बदमाश धीरज उर्फ धीरा ने कूदकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पैरों में चोट लगने की वजह से पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसे घायल अवस्था में बाड़ी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस ने उसके दूसरे साथी को भी दबोच लिया। कंचनपुर थाना अधिकारी शैतान सिंह ने बताया कि रविवार रात्रि को डीएसटी टीम को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र की वैनपुरा गांव में दो बदमाश छुपे हुए हैं।



ऐसे में कंचनपुर थाना पुलिस के साथ डीएसटी टीम ने गांव में जाकर जब दबिश दी, तो छत पर सो रहे बदमाशों ने पुलिस को देखते ही फायर कर दिए। ऐसे में पुलिस को भी आत्मरक्षा में गोली चलानी पड़ी। इस दौरान करीब 8 से 10 राउंड गोली चलीं। इस दौरान एक बदमाश छत से कूदकर भागने लगा, जिसे पुलिस ने दबोच लिया।

वहीं दूसरा बदमाश भी पुलिस की हिरासत में है। गिरफ्त में आए बदमाश धीरज उर्फ धीरा गुर्जर निवासी प्रभु की खिरकारी इंदौरा का रहने वाला है।

उसके खिलाफ वाहन चोरी, लूटपाट, मारपीट के मामले दर्ज बताए गए हैं। वहीं, दूसरा बदमाश रामपूजन भी पुलिस की गिरफ्त में बताया गया है।

### घायल बदमाश चल रहा उपचार

बदमाश धीरा उर्फ धीरज को पुलिस ने बाड़ी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए अस्पताल पर पुलिस बल तैनात किया है। चिकित्सकों की टीम द्वारा बदमाश का उपचार किया जा रहा है। छत पर कूदने से घायल हुए बदमाश के दोनों पैरों में गंभीर चोटें बताई जा रही हैं।

### मुठभेड़ में पुलिसकर्मी भी घायल

बदमाश और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में कंचनपुर थाना प्रभारी शैतान सिंह डीएसटी टीम प्रभारी योगेश तिवारी के साथ कुछ पुलिसकर्मी भी घायल बताए जा रहे हैं। हालांकि पुलिस पूरे मामले को लेकर अभी चुप्पी साधे हुए हैं। एसएचओ कंचनपुर शैतान सिंह ने बताया कि अभी पूरे मामले की जांच चल रही है। पुलिस के उच्च अधिकारी मामले की जानकारी देंगे। फिलहाल घायल बदमाश धीरज उर्फ धीरा अस्पताल में भर्ती है। उसके पैर में चोट आई है और दूसरा बदमाश पुलिस की हिरासत में है।

एनके पब्लिक स्कूल में यूकेजी का ग्रेजुएशन डे मनाया गया, बच्चों की आर्ट देखकर पैरेंट्स हुए अभिभूत

# नौनिहालों ने दिखाया प्रोजेक्ट गैलेरी में क्रिएटिव आर्ट का दमखम

बेधड़क | जयपुर

सीकर रोड, राजावास स्थित, एन.के पब्लिक स्कूल में वार्षिक पैरंट टीचर मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा वर्ष पर्यंत बनाए गए विषय वार पोस्टर्स तथा प्रोजेक्ट्स को प्रोजेक्ट एंड आर्ट गैलरी में डिस्प्ले किया गया।

स्कूल में सुबह 8:00 बजे से अभिभावकों का नन्हें-मुन्ने बालकों के साथ आवागमन शुरू हो गया। आर्ट एंड प्रोजेक्ट गैलरी विजिट करने के बाद अभिभावक प्रसन्न दिखाई दिए। नन्हें - मुन्ने बच्चे अपने बनाए हुए प्रोजेक्ट को पहचान कर अपने माता-पिता को उत्सुकता वश दिखाते दिखाई दिए। इस अवसर पर स्टूडेंट्स द्वारा वर्ष पर्यंत आयोजित अंतर-स्टूडेंट्स तथा स्कूल खेलकूद, शैक्षणिक एवं साइंस तथा मैथ्स ओलिंपियाड प्रतियोगिताओं में विशिष्ट श्रेणी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।



### बच्चों के साथ पैरेंट्स ने ली सेल्फी

क्लास यूकेजी के बच्चों का क्लास 1 में नव प्रवेश होने पर इसे ग्रेजुएशन डे के रूप में मनाया गया। बच्चों तथा माता-पिताओं ने विभिन्न जगहों पर लगे सेल्फी पॉइंट्स पर फोटो क्लिक कीं। स्कूल के प्रबंध निदेशक, डॉ एन सी लूनायच नें आर्ट गैलरी की प्रशंसा करते हुए बताया की बच्चों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट्स तथा कलात्मक वस्तुओं को साल भर स्कूल में संरक्षण, प्रशंसा का विषय है। साथ ही आर्ट गैलरी के बारे में बताते हुए कहा कि यह बच्चों की कलात्मक अनुभूति का प्रत्यक्ष चित्रण है। जिससे स्टूडेंट्स अपने पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक क्षेत्र को भी जान पाता है।



### आर्ट गैलेरी के विजिट के के बाद खुश दिखे पैरेंट्स

निदेशक, कुलदीप सिंह ने ग्रेजुएशन डे पर कक्षा यूकेजी से कक्षा एक में क्रमोन्नत हो रहे विद्यार्थियों को भावी जीवन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया साथ ही सुसज्जित आर्ट गैलरी की प्रशंसा की। स्कूल की प्रिंसिपल , कविया प्रेमा नें बताया कि आर्ट गैलरी विजिट के बाद अभिभावकों के चेहरे पर खुशी की लहर दिखाई दी। साथ ही विद्यार्थियों का वार्षिक परिणाम प्राप्त कर माता-पिता एवं बच्चे खासे उत्साहित एवं प्रसन्न दिखाई दिए। इस अवसर पर स्कूल के वाइस प्रिंसिपल , गौरव माथुर, समन्वयक राम अवतार खूंटेटा, नीलम पांडे, स्टाफ सेक्रेटरी, पूनम शर्मा सहित सभी टीचर्स उपस्थित रहे।

## Yuva स्टोरीज

### ओशो प्रेमियों का होली स्नेह मिलन कार्यक्रम सम्पन्न



बेधड़क | जयपुर

ओशो लाइब्रेरी की ओर से वैशाली नगर में ओशो होली स्नेह मिलन आध्यात्मिकता के साथ मनाया गया। इसमें ध्यान , कीर्तन,, ओशो प्रवचन, नो माइंड मेडिटेशन के प्रयोग किए गए। ओशो लाईब्रेरी के नरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि सभी ध्यान प्रयोग तनावपूर्ण ज़िन्दगी को आनंद और उत्साह में बदलने के लिए करवाए जाते हैं। "एक शाम ओशो के नाम" कार्यक्रम स्वामी ओम शांति के साथ चित्रकूट वैशाली नगर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सभी ओशो प्रेमियों ने ध्यान की वैतरणी में गोते लगाए।

### एसएससी जेई: 966 पदों के लिए होगी परीक्षा

**दिल्ली**। एसएससी की जूनियर इंजीनियर की परीक्षा में जुटे छात्रों के लिए काम की खबर है। SSC ने जूनियर इंजीनियर के 966 पदों पर भर्ती की घोषणा की है। SSC ने अधिसूचना जारी करने के साथ ही आवेदन प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। केंद्रीय जल आयोग (CWC), सीमा सड़क संगठन (BRO), जल शक्ति मंत्रालय के ब्रह्मपुत्र बोर्ड, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (CPWD) और अन्य केंद्रीय विभागों और संगठनों में जूनियर इंजीनियर के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए SSC ने सूचना जारी कर दी है। आवेदन की अंतिम तारीख 18 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। फॉर्म में करेक्शन के लिए 22-23 अप्रैल का समय निर्धारित किया गया है। वहीं परीक्षा का आयोजन 4-6 जून के बीच किया जाएगा।




### यूजीसी नेट परीक्षा कार्यक्रम इसी सप्ताह जारी होगा

बेधड़क | दिल्ली

अगर आप सरकारी कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर की नौकरी तलाश कर रहे हैं, तो इसके लिए आपको यूजीसी नेट की परीक्षा को पास करना होगा। तभी आप असिस्टेंट प्रोफेसर की नौकरी पाने के लिए एलिजिबल हो सकते हैं। इसके लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) इस सप्ताह किसी भी समय यूजीसी नेट जून 2024 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर सकता है। आवेदन प्रक्रिया शुरू होने के बाद इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट ugcnet.nta.nic.in के जरिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (UGC NET) के लिए आवेदन के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

यूजीसी के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर आवेदन प्रक्रिया शुरू होने की तारीख को लेकर पोस्ट किया था। उन्होंने कहा था, "एनटीए अगले सप्ताह यूजीसी नेट जून 2024 सेशन के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करने पर काम कर रहा है।" पिछले रुझानों के आधार पर उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए किन योग्यताओं की आवश्यकता होगी, परीक्षा का फॉर्मेट और यूजीसी नेट के बारे में जानकारी मिल सकेगी।

एक महीने तक भरें जाएंगे फॉर्म, जून-जुलाई में परीक्षा

# SSC ने जारी किया CHSL परीक्षा का शॉर्ट नोटिस

बेधड़क | दिल्ली

कर्मचारी चयन आयोग ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट यानी ssc.gov.in पर एसएससी सीचएसएल परीक्षा को लेकर एक नोटिस जारी किया है। नोटिस के मुताबिक 12वीं पास छात्रों के पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जल्द ही जारी किया जाएगा। इसके लिए आवेदन केवल आयोग की नई वेबसाइट पर ही स्वीकार किए जाएंगे। जो अभ्यर्थी इस नोटिस के तहत आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें नई वेबसाइट पर अपना वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) तैयार करना होगा, क्योंकि पुरानी ओटीआर नई वेबसाइट पर काम नहीं करेगी। उम्मीदवार संयुक्त उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2024.4.1 के लिए नोटिस के प्रकाशन से पहले यथाशीघ्र एक बार पंजीकरण (ओटीआर) पूरा कर सकते हैं।

अधिसूचना में आगे लिखा है, "नई वेबसाइट पर प्रकाशित होने वाले नोटिस में जिस एप्लिकेशन मॉड्यूल का उपयोग किया जाएगा, उसमें उम्मीदवारों की लाइव तस्वीरें खींचने का प्रावधान होगा। यह पहले की व्यवस्था से एक बदलाव है जिसमें उम्मीदवारों को पहले से खींची गई तस्वीर अपलोड करनी होती थी। नए एप्लिकेशन मॉड्यूल में, उम्मीदवारों की लाइव तस्वीरें खींची जाएंगी, जिसके लिए कंप्यूटर/लैपटॉप या एंड्रॉइड डिवाइस पर वेबकैम का उपयोग किया जा सकता है। उम्मीदवारों को अपनी तस्वीर लेते समय उचित सावधानी बरतनी चाहिए।



### एसएससी सीएचएसएल परीक्षा 2024 नोटिस

कर्मचारी चयन आयोग भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/संगठनों में भर्ती के लिए प्रतिवर्ष एसएससी सीएचएसएल परीक्षा आयोजित करता है। SSC CHSL का पूरा नाम कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तरीय परीक्षा है। कर्मचारी चयन आयोग (एससएससी) विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तर (सीएचएसएल, 10+2) परीक्षा आयोजित करता है:

### फोटो खिंचवाते समय यह रखनी होगी सावधानी

- अच्छी रोशनी और सादी पृष्ठभूमि वाली जगह ढूंढें
- फोटो लेने से पहले सुनिश्चित करें कि कैमरा आंखों के स्तर पर है।
- अपने आप को सीधे वेबकैम के सामने रखें और सीधे सामने देखें।
- लाइव फोटो लेते समय उम्मीदवारों को टोपी, मास्क या चश्मा/चश्मा नहीं पहनना चाहिए।

- डाक सहायक (पीए)/ छँटाई सहायक (एसए)
- डाटा एंट्री ऑपरेटर (डीईओ)
- लोअर डिविजनल क्लर्क (एलडीसी)/जूनियर सचिवालय सहायक (जेएसए)
- डाटा एंट्री ऑपरेटर (ग्रेड ए)
- एसएससी सीएचएसएल 2024
- कर्मचारी चयन आयोग विभिन्न अधीनस्थ सेवाओं के लिए हर साल संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तर की परीक्षा आयोजित करता है। SSC CHSL अधिसूचना 2 अप्रैल 2024 को जारी की जाएगी।

### SSC CHSL भर्ती 2024 महत्वपूर्ण तिथियां

एसएससी सीएचएसएल 2024 परीक्षा का कार्यक्रम एसएससी द्वारा अपने आधिकारिक एसएससी कैलेंडर 2024 के साथ प्रकाशित किया गया है। विस्तृत अधिसूचना और आवेदन पत्र 2 अप्रैल 2024 को ssc.gov.in पर जारी किए जाएंगे और ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 1 मई 2024 होगी।

### यह रहेगा भर्ती कार्यक्रम

**1 अप्रैल 2024**
विस्तृत अधिसूचना जारी होने की तारीख

**2 अप्रैल 2024**
पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ

**2 अप्रैल 2024**
एसएससी सीएचएसएल के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि

**1 मई 2024**
एसएससी सीएचएसएल परीक्षा तिथि 2024 टियर-1

**जून-जुलाई 2024**




# क्रीआर की रन फॉर उम्मीद मैराथन से बच्चों ने भरी उड़ान



बेधड़क | जयपुर

बच्चों की सोच को उड़ान भरने दीजिए, क्योंकि उनके पंख नहीं होते। क्रीआर फाउंडेशन (CREARE Foundation) की ओर से रन फॉर उम्मीद मैराथन में बच्चों ने उम्र के अनुसार 500 मीटर, 1 किलोमीटर, 3 किलोमीटर व 5 किलोमीटर की दौड़ की। इस मौके पर "दौड़-दौड़-दौड़ कहते रन फॉर उम्मीद" क्रीआर मैराथन (CREARE MARATHON) में बच्चों के लिए विशेष गीत भी लिखा गया था, जिसे बच्चों ने भी गाया।

संस्थापक कुलदीप ने कहा कि मैराथन बच्चों के लिए सिर्फ़ दौड़ नहीं थी, बल्कि एक ऐसा सपना थी जिसे सभी बहुत समय से देख रहे थे। यह मैराथन झाड़खंड महादेव मंदिर से शुरू होकर वैशाली नगर स्थित मॉल ऑफ़ जयपुर पर पूरी हुई। दो से 17 वर्ष के बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए क्रीआर फाउंडेशन के संस्थापकों ने 200 से अधिक वॉलंटियर्स को सड़क सुरक्षा में खड़ा किया था। बच्चों को सहयोग करने के लिए अभिभावक भी शामिल हुए। मैराथन का मुख्य आकर्षण घुड़सवारी का प्रदर्शन था, जिसका श्रेय हॉर्स हैवन स्पोर्ट्स एकेडमी को जाता है।

डेकेथलॉन अजमेर रोड ने बच्चों को अनुशासन सिखाया। बाद मे 5 किलोमीटर के विजेता बच्चों को पारितोषिक दिया गया। कराटे एसोसिएशन के हेमेंद्र सिंह ने बच्चों को आत्म रक्षा के गुर सिखाए। मुख्य अतिथि मेज़र जर्नल एसएस मामक ने बच्चों के प्रयासों पर बधाई दी।

### इंटेलिजेंस ब्यूरो में 660 पदों पर भर्ती, 28 मई तक आवेदन

**दिल्ली**। इंटेलिजेंस ब्यूरो भर्ती 2024 का आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। जिसके मुताबिक भर्ती के जरिए कुल 660 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। ये भर्तियां 12 विभिन्न श्रेणियों में होंगी। इंटेलिजेंस ब्यूरो भर्ती 2024 के लिए ऑफलाइन आवेदन 30 मार्च 2024 से शुरू हो गए हैं। ऑफलाइन आवेदन 28 मई 2024 तक जमा किया जा सकता है। अभ्यर्थी इंटेलिजेंस ब्यूरो भर्ती 2024 की विस्तृत जानकारी आधिकारिक www.mha.gov.in नोटिफिकेशन से प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थी ध्यान दें कि निर्धारित तारीख के बाद किसी का भी फॉर्म एक्सेप्ट नहीं किया जाएगा। इंटेलिजेंस ब्यूरो भर्ती 2024 के लिए शैक्षणिक योग्यता पदों के अनुसार 10वीं पास से लेकर स्नातक तक रखी गई है। यह भर्ती डेपुटेशन यानी प्रतिनियुक्ति आधार पर की जा रही है।




डिस्कशन | मुरलीपुरा स्थित संस्कृति चिल्ड्रंस एकेडमी का एनुअल फंक्शन आयोजित

# बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देना बेहद जरूरी

### छात्र-छात्राओं और टीचर्स को मिले पुरस्कार

बेधड़क | जयपुर

ग्रेटर नगर निगम की महापौर सौम्या गुर्जर ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देना बेहद जरूरी है। आज के बच्चे भारत का भविष्य है। हर बच्चे को शिक्षा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकार बेहतरीन काम कर रही है। उन्होंने यह बात मुरलीपुरा स्थित संस्कृति चिल्ड्रंस एकेडमी के एनुअल फंक्शन के दौरान कही। इस मौके पर उन्होंने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि जिन बच्चों ने पुरस्कार जीते हैं, वे आगे भी अच्छी मेहनत के साथ पढ़ाई करें। साथ ही जिन्हें इस बार पुरस्कार नहीं मिला है वे अगली कक्षा में दोगुनी मेहनत करें ताकि उन्हें भी प्राइज मिले।

वहीं, भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी राजेंद्र शर्मा ने बच्चों की ओर से डांस समेत अन्य परफॉर्मेंस देखकर कहा कि छोटे—छोटे बच्चों ने स्टेज पर जो परफॉर्म किया है, वह बड़े लोग भी नहीं कर सकते हैं। समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहीं नगर निगम ग्रेटर की महिला एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा ने बच्चों को संस्कारवान बनाने की बात शिक्षकों और अभिभावकों को कही।

इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल अशोक कुमार, विद्यालय सचिव आयुष कुमार के साथ ही कृपा अग्रवाल, सायरसिंह, शंकर जोशी आदि मौजूद रहे।




### बच्चों को दी उज्जवल भविष्य की कामना

इस रिजल्ट में स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर टॉपर का खिताब नर्सरी की हिमांशी पालावत, केजी के मौलिक शर्मा, प्रेप की अंशिका यादव, पहली कक्षा की भूमि रूनवाल और दूसरी कक्षा की आहाना को दिया गया। इसी के साथ द्वितीय और तृतीय स्थान पर भी स्टार ऑफ़ द ईयर का पुरस्कार दिया गया। अन्य श्रेणी में भी विद्यालय के विद्यार्थियों को गिफ्ट और बर्ड हाउस भेंट किए गए। वही, आइडियल टीचर अवार्ड के विजेता नेहा रोहिल्ला, दीपिका गौतम, मधु चौहान रहे। विद्यालय प्रिंसिपल अशोक कुमार शर्मा ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके परिवारों को भी इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की।

# वैदिक मतानुसार पृथ्वी, सूर्य, चन्द्र आदि की उत्पत्ति



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पृथ्वी, सूर्य, चन्द्र आदि की उत्पत्ति का ज्ञान हमेशा से ही कौतूहल के विषय रहे हैं। इस सबंध में सत्य ज्ञान की जानकारी नहीं होने के कारण लोक में विभिन्न प्रकार की भ्रांतियाँ प्रचलित हैं। लेकिन संसार के सर्वप्राचीन ग्रंथ व सत्य विद्याओं की पुस्तक वेद में पृथ्वी, सूर्य, चन्द्र आदि की उत्पत्ति के संबंध में पर्याप्त वर्णन अंकित हैं, जिनसे इनके संबंध में सत्य ज्ञान की जानकारी प्राप्त होती है। वैदिक मतानुसार सृष्टि के आदि में पृथ्वी इस तरह नहीं थी।

सृष्टि रचना प्रारंभ होने के बाद शनैः- शनैः बहुत दिनों में पृथ्वी इस रूप में आई। सर्वप्रथम यह सूर्यवत जल रही थी। आज भी पृथ्वी के भीतर अग्नि पाया जाता है। कई स्थानों पर पृथ्वी से ज्वाला निरंतर निकल रही है, इसी को ज्वालामुखी पर्वत कहते हैं। कई स्थानों पर गर्म पानी निकलता है। वहां पर अग्नि होना ही इसका कारण है। शनैः- शनैः पृथ्वी शीतल होती गई। लाखों वर्षों में वह अग्नि की दशा से इस दशा में आई है। तब सब जीव- जन्तु उत्पन्न हुए। ऋग्वेद कहता है-

***सूर्यचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्।***
***दिवंच पृथिवीञ्चांत- रिक्षमथो स्वः।।***
***-ऋग्वेद 10/190/3***

अर्थात- परमात्मा पूर्ववत ही सूर्य, चन्द्र, द्युलोक, पृथ्वी, अन्तरिक्ष और सब प्रकार सुखमय पदार्थ बनाया करता है।

वेद स्पष्ट रूप से सूर्य, चन्द्र, द्युलोक, पृथ्वी, अन्तरिक्ष और सब प्रकार सुखमय पदार्थ के ईश्वर द्वारा निर्माण किए जाने की बात कहता है, परंतु पौराणिक ग्रंथों में ठीक इसके विपरीत बात कही गई है, जो महाभ्रम एवं अज्ञानता फैलाने का कारण सिद्ध हो रही हैं। देवी भागवत, पद्म पुराण आदि पौराणिक ग्रंथों के अनुसार प्रथम विष्णु ने जल उत्पन्न किया। और उस में घर बना कर सो गये। इनके नाभि कमल से जल के ऊपर एक ब्रह्मा उत्पन्न हुआ। वह कमल पर बैठकर सोच ही रहा था कि मैं कहां से आया? मेरा क्या कार्य है? आदि। उतने में ही मधु एवं कैटभ नामक दो दैत्य विष्णु के कर्णमल से उत्पन्न हो जल के ऊपर आकर ब्रह्मा को कमल के ऊपर बैठा देख बोले कि तू इस पर से उतर जा, हम दोनों इस पर बैठेंगे। इस प्रकार तीनों लड़ने लगे। तत्पश्चात ब्रह्मा ने विष्णु को पुकारा। ब्रह्मा की पुकार से साक्षात विष्णु आए और इन दोनों असुरों को छल से मार दिया। तब से ही विष्णु मधुसूदन कहलाने लगे। इन दोनों के शरीर से जो रक्त, मज्जा, मांस निकला वही जल के ऊपर जमकर पृथ्वी बन गई। मधुकैटभों के मेद अर्थात मज्जा से बनी होने के कारण ही इस पृथ्वी का नाम मेदिनी पड़ा। देवीभागवत पुराण में कहा गया है-

> “इस जगत के वास्तविक तत्वों को सदा अध्ययन करने वाले परंपरा से ईश्वर का ही चिन्तन करने वाले माने जाते हैं। इसीलिए ब्रह्म सूत्र में ब्रह्म का लक्षण बताते हुए कहा गया है- जन्माद्यस्य यतः। अर्थात जिससे इस जगत का जन्म, स्थिति और संहार हुआ करता है, वही ब्रह्म है। इससे ब्रह्म और जगत का सम्बन्ध स्पष्ट होता है।”

***मधुकैटभयोरासीन्मेदसैव परिप्लुता ।***
***तेनेयं मेदिनी देवी प्रोच्यते ब्रह्मवादिभिः।।***
***- देवी भागवत पुराण***

शब्दकल्पद्रुम आदि कोशों में भी मेदिनी शब्द के यही अर्थ बताए गए हैं। पुराणों के अनुसार जल की ही प्रथम सृष्टि हुई। जब जलराशि समुद्र बन गया, जिसमें विष्णु भगवान सोए हुए थे, तो प्रश्न उत्पन्न होता है कि समुद्र किस आधार पर था? कुछ लोगों का कहना है कि नौका के समान यह पृथ्वी जल के ऊपर ठहरी हुई है, अथवा शेषनाग के सिर पर कच्छप की पीठ पर यह स्थापित है। यदि मधुकैटभ के रुधिर- मांस-मज्जा से यह पृथ्वी बनी, तो मधुकैटभ का शरीर कहां से और किस पदार्थ से बना हुआ था? यदि विष्णु शरीरधारी थे, तो उनका शरीर किन धातुओं से बना हुआ था? पुनः कान के मैल कहां से आए? कमल कैसे और किन पदार्थों से बने? आदि बातों पर विचार करने से स्पष्ट होता है कि पुराणों की कथा कपोलकल्पित ही है। और वैदिक मत परमात्मा द्वारा ही सूर्य, चन्द्र, द्युलोक, पृथ्वी, अन्तरिक्ष और सब प्रकार सुखमय पदार्थ बनाए जाने की बात ही सत्य है।

पौराणिक ग्रंथों के अनुसार कश्यप ऋषि की अदिति, दिति, दनु, कद्रू, बनिता आदि अनेक पत्नियाँ थीं। अदिति से आदित्य अर्थात सूर्य, चन्द्र, तारा, नक्षत्र आदि उत्पन्न हुए। भागवतादि पौराणिक ग्रंथों के अनुसार अत्रि ऋषि के नेत्र से चन्द्र उत्पन्न हुआ है। कुछ अन्य पौराणिक ग्रंथों का कहना है कि समुद्र से चन्द्र की उत्पत्ति हुई। ऐसे में चन्द्र की उत्पति के संबंध में भी विभ्रम पैदा होती है। और मन में भांति- भांति के प्रश्न उत्पन्न होते हैं कि मेघ कैसे बनता है? वायु क्यों कभी तीक्ष्ण और कभी मन्द होती है? पृथ्वी से किस प्रकार गरम जल और अग्नि निकलता है? ज्वालामुखी क्या वस्तु है? भूकम्प क्यों होता है? विद्युत क्या वस्तु है? मेघ में भयंकर गर्जना क्यों होती है? आदि, आदि। इन विषयों के संबंध में जिज्ञासा उत्पन्न होती है? श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार जिज्ञासा करना मनुष्य का परम धर्म है। मनुष्य की उत्पत्ति ही इसी कारण हुई है-

***न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते।***
***तत्स्वयं योगसंसिद्धः कालेनात्मनि विन्दति।। श्रीमद्भगवद्गीता 4/38***

अर्थात- इस संसार में, दिव्य ज्ञान के रूप में शुद्ध करने के रूप में कुछ भी नहीं है। जिसने योग की दीर्घ साधना के माध्यम से मन की शुद्धता प्राप्त की है, वह समय के भीतर, हृदय के भीतर ऐसा ज्ञान प्राप्त करता है। इसलिए सूर्य, चन्द्र, द्युलोक, पृथ्वी, अन्तरिक्ष और सब प्रकार सुखमय पदार्थ बनाए जाने की जानकारी चाहने वाले जिज्ञासुओं को प्रथम ईश्वर की रचना की जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## भारतीय संसद में पीओके को लेकर सर्वसम्मति से हो चुके हैं तीन प्रस्ताव पारित

# भारत में विलय की ओर बढ़ता POK



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> “पाकिस्तान रणनीतिक रूप से गिलगिट-बाल्टिस्तान को पांचवां प्रांत बना लेने की फिराक में लगा है, चूंकि यह क्षेत्र आधिकारिक रूप से भारत के जम्मू-कश्मीर प्रांत का हिस्सा है, इसलिए यहां कोई भी बदलाव कई अंतरराष्ट्रीय समझौतों का उल्लंघन होगा। पाकिस्तान यहां सुन्नी मुसलमानों की संख्या बढ़ाकर इस पूरे क्षेत्र का जनसंख्या घनत्व बदलने के प्रयास में भी लगा है। इन कारणों के चलते यहां के मूल बलूचों की पाकिस्तान के प्रति जबरदस्त नाराजगी है और वे निर्णायक लड़ाई लड़के भारत में विलय होने की कोशिश में लगे हैं।”

पाक अधिकृत कश्मीर के संदर्भ में भारत का 'सब्र का फल मीठा' कहावत को चरितार्थ करता दिखाई दे रहा है। इस संदर्भ में पीओके में बढ़ते पाकिस्तान सरकार के खिलाफ बढ़ते आतंकी हमले और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का दिया बयान महत्वपूर्ण है। सिंह ने कहा है कि पीओके को हासिल करने के लिए हमें कुछ ज्यादा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यहां के लोगों पर ढाए जा रहे जुल्मों के चलते यही लोग नारे लगाने लगे हैं कि हमको भारत में विलय कर दो। इन हालातों के देखते यहां कुछ भी आश्चर्यजनक घट सकता है। पीओके पर अवैधानिक कब्जा कर लेने से यह क्षेत्र पाकिस्तान के अधिकार में नहीं हो जाता। वैसे भी भारतीय संसद में पीओके को लेकर सर्वसम्मति से भारत का हिस्सा होने के तीन प्रस्ताव पारित हो चुके हैं। सिंह का यह बयान दर्शाता है कि अंदरूनी स्तर पर भारत सरकार पीओके के विलय पर राजनीतिक उपाय में लगी हुई है।

दूसरी तरफ जिस आतंकवाद का जनक पाकिस्तान रहा है, वहीं आतंकवाद उसके लिए पीओके में चुनौती बनकर सामने आ रहा है। पाक में आतंकी हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बलूचिस्तान प्रांत के तुरबाद नगर में नौसैनिक अड्डे पर आतंकवादियों ने गोली बरसाते हुए हमला किया। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा इलाके में चीनी नागरिकों के एक काफिले पर हमला बोल दिया। इसमें पांच चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई। ये इंजीनियर दासू हाइड्रोप्रोजेक्ट के निर्माण में लगे थे। इन हमलों की जुम्मेबारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की मजीद ब्रिगेड ने ली है। इस्लामाबाद से 200 किमी दूर स्थित दासू हाइड्रो प्रोजेक्ट का निर्माण चीनी कंपनी कर रही है। 2021 में भी इस परियोजना पर काम कर रहे नौ चीनी इंजीनियरों सहित 13 लोगों को बलूच हमलावरों ने मार गिराया था। पाकिस्तान में अकेले फरवरी माह में हुए 97 हमलों में 118 लोग मारे जा चुके हैं। 20 मार्च को ग्वादर बंदरगाह पर भी आतंकी हमला हो चुका है। इस हमले की जिम्मेदारी भी बलूचों ने ली है। इन हमलों के चलते पाक में नई बनी शाहबाज सरकार मुसीबतों से घिर गई है। दरअसल बलूचिस्तान प्रांत के नागरिक मानते हैं कि पाक सरकार उनके प्रांत के हितों की लंबे समय से अनदेखी कर रही है। यहां के लोग इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते हस्तक्षेप का भी विरोध कर रहे है। दासू हाइड्रोप्रेजेक्ट और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के निर्माण के अंतर्गत कई परियोजनाएं पीओके में निर्माणाधीन हैं। इन परियोजनाओं का विरोध लगातार हो रहा है, लेकिन पाक सरकार धन के लालच में चीन के सुरसामुख में फंस चुकी है। देश में चल रही आर्थिक बदहाली के कारण भी सरकार चीन का दामन नहीं छोड़ पा रही है। चीन से उसकी मित्रता का कारण धन का लालच तो है ही, भारत के साथ तनावपूर्ण रिश्ते भी हैं। पाक की तरह चीन से भी भारत का सीमा पर निरंतर तनाव बना हुआ है। अब पीओके में आतंकी शक्तियां इतनी मजबूत हो गई हैं कि पाक का ईरान और अफगानिस्तान से भी मधुर संबंध बनाए रखना मुश्किल हो रहा है।




पीओके की परिधि में आने वाले गिलगिट-बाल्टिस्तान वास्तव में भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य के हिस्सा हैं। बावजूद 4 नवंबर 1947 से पाकिस्तान के नाजायज कब्जे में हैं, लेकिन यहां के नागरिकों ने इस बलात कब्जे को कभी नहीं स्वीकारा। यहां तभी से राजनीतिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक आवाजें उठ रही हैं और पाक सरकार इन लोगों पर दमन और अत्याचार का सिलसिला जारी रखे हुए है। साफ है, पाक की आजादी के साथ गिलगिट-बाल्टिस्तान का मुद्दा जुड़ा हुआ है। पाक की कुल भूमि का 40 फीसदी हिस्सा यहीं है। लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब 1 करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस हिस्से में सर्वाधिक बलूच हैं, इसलिए इसे गिलगिट-बलूचिस्ताल भी कहा जाता है। पाक और बलूचिस्तान के बीच संघर्ष 1945, 1958, 1962-63, 1973-77 में होता रहा है। 77 में पाक द्वारा दमन के बाद करीब 2 दशक तक यहां शांति रही, लेकिन 1999 में परवेज मुशर्रफ सत्ता में आए तो उन्होंने बलूच भूमि पर सैनिक अड्डे खोल दिए। इसे बलूचों ने अपने क्षेत्र पर कब्जे की कोशिश माना और फिर से संघर्ष तेज हो गया। इसके बाद यहां कई अलगाववादी आंदोलन वजूद में आए, इनमें प्रमुख बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी है।

निर्वाचन की प्रक्रिया से गुजरने के बावजूद भी यहां की विधानसभा को अपने बूते कोई कानून बनाने का अधिकार नहीं है। सारे फैसले एक परिषद लेती है, जिसके अध्यक्ष पाकिस्तान के पदेन प्रधानमंत्री होते हैं। लिहाजा चुनाव के बावजूद भी यहां विद्रोह की आग सुलगी रहती है। यह आग अस्तोर, दियामिर और हुनजा समेत उन सब इलाकों में सुलगी रहती है, जो शिया बहुल हैं। सुन्नी बहुल पाकिस्तान में शिया और अहमदिया मुस्लिमों समेत सभी धार्मिक अल्पसंख्यक प्रताड़ित किए जा रहे हैं। अहमदिया मुस्लिमों के साथ तो पाक के मुस्लिम समाज और हुकूमत ने भी ज्यादती बरती है। 1947 में उन्हें गैर मुस्लिम घोषित कर दिया गया था। तब से वे न केवल बेगाने हैं, बल्कि हिंदू, सिख व ईसाइयों की तरह मजहबी चरमपंथियों के निशाने पर भी रहते हैं। मई 2010 में लाहौर में एक साथ दो अहमदी मस्जिदों पर कातिलाना हमला बोलकर करीब एक सौ निरीह लोगों की हत्या कर दी गई थी।

पीओके और बलूचिस्तान पाक के लिए बहिष्कृत क्षेत्र हैं। पीओके की जमीन का इस्तेमाल वह, जहां भारत के खिलाफ शिविर लगाकर गरीब व लाचार मुस्लिम किशोरों को आतंकवादी बनाने का प्रशिक्षण देता है, वहीं बलूचिस्तान की भूमि से खनिज व तेल का दोहन कर अपनी आर्थिक स्थिति बहाल किए हुए है। यहां महिलाओं को वोट देने का अधिकार नहीं है। गरीब महिलाओं को जबरन वैश्यावृत्ति के धंधों में धकेल दिया जाता है। 50 फीसदी नौजवानों के पास रोजगार नहीं है। 40 फीसदी आबादी गरीबी रेखा के नीचे है। 88 प्रतिशत क्षेत्र में पहुंच मार्ग नहीं हैं। बावजूद पाकिस्तान पिछले 75 साल से यहां के लोगों का बेरहमी से खून चूसने में लगा है। जो व्यक्ति अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाता है, उसे सेना, पुलिस या फिर आइएसआई उठा ले जाती है। पूरे पाक में शिया मस्जिदों पर हो रहे हमलों के कारण पीओके के लोग मानसिक रूप से भी आतंकित हैं। नतीजतन यहां खेती-किसानी, उद्योग-धंधे, शिक्षा-रोजगार, स्वास्थ्य-सुविधाएं तथा पर्यटन सब चौपट हैं।

इस क्षेत्र में चीन बड़ा निवेश कर रहा है। ग्वादर में एक बड़ा सा बंदरगाह बनाया है। चीन की एक और बड़ी योजना है, 'चाइना-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर' इसकी लागत 3 लाख 51 हजार करोड़ है। यह गलियारा गिलगिट-बाल्टिस्तान से गुजर रहा है। इस गलियारे के निर्माण में लगे चीनी नागरिकों की आतंकी संगठन बीएलए हत्याएं कर रहा है। चूंकि यह क्षेत्र अधिकारिक रूप से भारत का है, इसलिए भारत भी इस परियोजना का लगातार विरोध कर रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# बच-बच के चलना हुजूर... !

आजकल चुनावी टाइम है। बांटी जा रही दाल-रोटी, कंबल और वाइन है। धंधा ये खूब फाइन है। बीच-बीच में नकदी भी बंट रही है। आदत ये वोटर्स को भी जंच रही है। सच तो यह है कि इन दिनों हर तरफ नेताओं की ओर से घोषणाओं और वादों का पिटारा खुला है। घोषणाओं को लेकर बेचारा वोटर हो रहा चुलबुला है। अजी लेकिन ये तो घोषणाओं का कुछ समय का बुलबुला है। चुनाव की पावन बेला में वोटर्स का स्वागत हो रहा है और नेताजी घर-घर, दर-दर फिर रहा है। नेताजी इन दिनों गरीबी और भ्रष्टाचार मिटाने पर तुले हैं।

नेताजी के ये तो ही इन दिनों जलजले हैं। नोट के बदले वोट का जमाना है। फिर इन्हीं वोट से पैसा खूब कमाना है। मतदाता भी चुनावी बेला में अब नेताजी का 'मकसद' नहीं हर तरफ नेताजी द्वारा बांटी जाने वाली'मनी' देखता है। इस 'मनी' में सनसनी है। सच तो यह है कि आज 'मनी' में ही 'हनी'(शहद) है। आजकल नेताजी जनसेवा में व्यस्त हैं। बस चुनावी समय में ही जनसेवा के अभ्यस्त हैं। भाषणों में विकास पर जोर दिया जा रहा है। विकास भाषणों में भागा जा रहा है। आजकल सड़क, बिजली, पानी, ठेके दिलाने, ट्रांसफर करवाने के 'इश्यू' हैं। सच तो यह है कि ये एकबार हाथ साफ करके फेंक दिये जाने वाले ये 'टिश्यू' हैं। वोटर्स के लिए चार दिन की चांदनी हर पांच बरस बाद आती है, जो वोटर्स के चेहरों को खिलखिलाती है। बाद में तो बेचारी जनता पूरे तीन सौ इकसठ दिन बैठ किसी मरियल कुत्ते की भांति बिलबिलाती है। चुनाव जीतने के बाद तो नेताजी की पीढ़ियां की पीढ़ियां बरसों तक ऐश्वर्य और समृद्धि के गीत गुनगुनाती है। चुनावी बेला में वोटर्स के जो भी हाथ में आए वो कम है।

अजी! कुछ लोग कहते हैं कि 'कुछ भी कहिए अपने नेताजी में खूब दमखम है।' लेकिन भगवान कसम हम ऐसे नेताओं के पक्ष में नहीं हैं जो लोकतंत्र को घोल के पीते हैं और इसी के दम पर ही जीते हैं। आपको एक छोटी सी बात बताता हूं। सुनिए। बरसों पहले एक फिल्म आई थी। नाम था-'अप्रैल फूल।' मोहम्मद रफी जी ने इस फिल्म में एक गाना गाया था- 'मेरी मोहब्बत पाक मोहब्बत और जहां की खाक मोहब्बत, कहीं तुम्हें प्यार न हो जाए , ओ बच बच के चलना हुजूर...!' आप कहेंगे अजी! हमें इसके बारे में आप क्यों बता रहे हो। तो वो इसलिए कि हम तो आप सभी से यही कहना चाहेंगे कि इस गाने का संदर्भ हम यहां देकर आप सभी से यही गुजारिश करना चाहते हैं कि चुनावी समय में हमें पता है कि आजकल 'वोटर्स की नेताओं के प्रति मोहब्बत, पाक मोहब्बत है और अन्य जहां की खाक मोहब्बत है। लेकिन भैय्या जी! 'ओ बच-बच के चलना हुजूर...!' गुस्ताखी माफ। जय राम जी की।

## नॉलेज कॉर्नर: भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना को 90 वर्ष पूरे

# करेंसी सहित इन भूमिकाओं को निभाता है RBI

एक आम इंसान के जेहन में भारतीय रिजर्व बैंक की छवि ऐसे केंद्रीय बैंक की है जो करेंसी को जारी करता है। इससे जुड़े नियमों को बताता है। मॉनिटरी पॉलिसी जारी करता है और गिरानी रखता है। RBI का कार्यक्षेत्र बस इतना ही नहीं है। पिछले 90 सालों RBI की जिम्मेदारियां और काम करने का तरीका बदला है। भारतीय रिजर्व बैंक अपनी 90वीं एनिवर्सिरी मना रहा है। बाजार में जो भी करेंसी चल रही है RBI उसे कंट्रोल करता है। कौन से नोट चलेंगे और कौन से नहीं, यह फैसला यही केंद्रीय बैंक करता है। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के बारे में कि वह किस तरीके से काम करता है...

### आरबीआई है बैंकों का बैंक

देश में जितने भी बैंक हैं, RBI उनका बैंक है। इसलिए इसे बैंकों का बैंक कहते हैं। देशभर के बैंक लोगों को कर्ज बांटते हैं, लेकिन आरबीआई देश के कॉमर्शियल बैंकों को पैसा उधार देता है। भारतीय रिजर्व बैंक कॉमर्शियल बैंकों द्वारा जारी किए जाने वाले ऋण को कंट्रोल करने की जिम्मेदारी लेता है। अर्थव्यवस्था में करंसी के फ्लो की जिम्मेदारी भी इसी की होती है। जब आरबीआई देखता है कि अर्थव्यवस्था में पर्याप्त धन आपूर्ति है और इससे देश में मुद्रास्फीति की स्थिति पैदा हो सकती है तो वह अपनी मॉनेटरी पॉलिसी के जरिए धन आपूर्ति को कम कर देता है। विदेशी मुद्रा दरों को स्थिर रखने के उद्देश्य से रिजर्व बैंक इनकी खरीद और बिक्री करता है और देश की विदेशी मुद्रा निधि की सुरक्षा भी करता है। यह विदेशी मुद्रा को तब बेचता है जब अर्थव्यवस्था में इसकी आपूर्ति कम हो जाती है।




### मिनियम रिजर्व सिस्टम

भारत में करंसी को छापने से लेकर उसे जारी करने की जिम्मेदारी एकमात्र केंद्रीय बैंक आरबीआई की है। मार्केट में कितने नोट 100 के उपलब्ध होंगे और कितने 50 के, यह सबकुछ आरबीआई ही तय करता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने करंसी को जारी करने के लिए मिनियम रिजर्व सिस्टम अपनाया हुआ है। यह सिस्टम 1957 में अपनाया गया था। जिसका मतलब है RBI केवल 200 करोड़ तक का गोल्ड और फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व अपने पास रखेगा। इसमें से 115 करोड़ का गोल्ड होगा बाकि रिजर्व विदेशी करंसी में होगा।

### सरकारी बैंकर और एडवाइजर

*भारतीय रिजर्व बैंक केंद्र और राज्य सरकार के बैंकर, एजेंट और एडवाइजर की भूमिका भी निभाता है। यह सरकार के लिए बैंकिंग से जुड़े काम भी करता है। इतना ही नहीं RBI केंद्र और राज्य सरकार को यह सलाह भी देता है कि कैसे अर्थव्यवस्था को बेहतर बना सकते हैं।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

X



**अमित शाह,** केंद्रीय गृह मंत्री
**@AmitShah**
राजस्थान में 70% वोट के साथ भाजपा सभी 25 सीटों पर हैट्रिक लगाएगी।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
जन-जन है तैयार। अबकी बार 400 पार...। आज सांगानेर में जयपुर शहर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मंजू शर्मा जी के चुनावी कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित किया। देवतुल्य जनता का अभूतपूर्व उत्साह बता रहा है कि देश में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के करिश्माई नेतृत्व में अबकी बार 400 पार के संकल्प के साथ प्रचंड बहुमत के साथ पुनः भाजपा सरकार बनने जा रही है।



**दिया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
**@KumariDiya**
'विकसित भारत' का संकल्प हो रहा साकार। एक बार फिर से आ रही भाजपा सरकार।।

**राजद प्रत्याशी बीमा भारती आज करेंगी नामांकन दाखिल...पप्पू यादव 4 को उतरेंगे चुनाव मैदान में**

# पूर्णिया में राजद-कांग्रेस में खींचतान... सुलह होगी या रिश्तों पर विराम!

■ लालू यादव ने बीमा भारती को इस सीट से अपनी पार्टी का प्रत्याशी किया है घोषित

एजेंसी | पटना/पूर्णिया

बिहार में विपक्षी महागठबंधन में शामिल दलों के बीच सीटों के बंटवारे के बावजूद पूर्णिया सीट को लेकर राजद व कांग्रेस के बीच खींचतान की खबर है। एक ओर जहां राजद प्रत्याशी बीमा भारती ने कहा है कि वह मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगी वहीं कांग्रेस नेता पप्पू यादव उर्फ राजेश रंजन ने कहा है कि वह 4 अप्रैल को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इसके बाद राजनीतिक हलकों में यह सवाल उठने लगा है कि पूर्णिया को लेकर अंदर ही अंदर चल रही खींचतान से कांग्रेस व राजद के रिश्तों पर क्या विराम लगा देगी। दरअसल पप्पू यादव ने अपनी जन अधिकार पार्टी (JAP) का हाल ही कांग्रेस में विलय कर दिया था। कांग्रेस नेतृत्व ने विलय की बातचीत में उनकी पूर्णिया से उम्मीदवारी का समर्थन भी किया। लेकिन बाद में राजद सुप्रीमो लालू यादव ने बीमा भारती को इस सीट से अपनी पार्टी का प्रत्याशी घोषित कर दिया। इस पर पप्पू यादव ने कहा कि वह पूर्णिया सीट से अवश्य चुनाव लडेंगे। सूत्रों के अनुसार लालू यादव ने पूर्णिया से राजद प्रत्याशी की घोषणा से पहले कांग्रेस नेतृत्व से भी सलाह नहीं की, जिससे दोनों दलों के बीच खींचतान है। बीमा भारती ने सोमवार को कहा वह पूर्णिया से चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। पप्पू यादव के पूर्णिया से चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह बात मुझे नहीं पता, लेकिन वह (पप्पू यादव) मेरे नामांकन में मेरे साथ रहेंगे।





### पप्पू यादव ने लालू से की पुनर्विचार की अपील

इस बीच, पप्पू यादव ने कहा है कि वह अब अपना नामांकन 4 अप्रैल को दाखिल करेंगे। पहले वह दो अप्रैल को नामांकन दाखिल करने वाले थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर यह बात कही। उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से इस मामले पर एक बार फिर से विचार करने की गुहार लगाई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है कि- बिहार में इंडिया गठबंधन के बड़े भाई राजद के प्रमुख आदरणीय लालू जी से पुनः आग्रह है कि वह गठबंधन हित में पूर्णिया सीट पर पुनर्विचार करें, कांग्रेस के लिए छोड़ दें! इस बीच,पप्पू यादव के पूर्णिया से नामांकन दाखिल करने पर जोर से यह कयास भी जोर पकड़ने लगे हैं कि क्या वह कांग्रेस से बगावत कर नामांकन दाखिल करेंगे।

### लालू ने कर दिया था खेला

पप्पू यादव को अपनी पार्टी के कांग्रेस में विलय से पूर्व इस बात से आशंकित थे कि कांग्रेस के टिकट पर वे पूर्णिया से चुनाव लड़ते हैं तो आरजेडी सुप्रीमो कोई व्यवधान खड़ा कर सकते हैं।इसलिए वह अपनी पार्टी के कांग्रेस में विलय की पूर्व संध्या पर लालू और उनके बेटे तेजस्वी यादव से मिलने राबड़ी देवी के आवास पहुंच गए थे। लेकिन बाद में लालू यादव ने बीमा भारती को अपनी पार्टी का सिंबल देते हुए उनके साथ खेला कर दिया।

### TMC नेताओं के खिलाफ आयोग से शिकायत




**नई दिल्ली।** भाजपा ने सोमवार को चुनाव आयोग से टीएमसी नेता पीयूष पांडा की शिकायत की और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश देने और उन्हें चुनाव प्रचार करने से प्रतिबंधित करने की अपील की। भाजपा का आरोप है कि पांडा ने एक चुनावी सभा में पीएम मोदी के खिलाफ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया था। साथ ही, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण कुमार समेत एक भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से टीएमसी के सोशल मीडिया प्रभारी देबगांशु भट्टाचार्य के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई। प्रतिनिधिमंडल ने बशीरहाट लोकसभा सीट से भाजपा की रेखा पात्रा की निजी जानकारी सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट करने का आरोप लगाया गया। पार्टी ने आरोप लगाया कि भट्टाचार्य ने राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजना के लाभार्थी होने के नाते पात्रा की छवि बिगाड़ने वाली पोस्ट साझा की थी।

### सपा ने अब मेरठ में बदला प्रत्याशी, प्रधान को टिकट

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी ने मेरठ सीट से उम्मीदवार बदल दिया है। सपा विधायक अतुल प्रधान को टिकट मिला है। इससे पहले सपा ने भानु प्रताप सिंह को टिकट दिया था। लेकिन उनके टिकट कटने के कयास लगाए जा रहे थे। इससे पहले सपा ने मुरादाबाद में भी उम्मीदवार बदल दिया था। सपा के मजबूत नेता कहे जाने वाले अतुल प्रधान गुर्जर समाज में अच्छा वर्चस्व रखते हैं। सपा के टिकट पर सरधना से विधायक का चुनाव जीते थे। सपा ने सुप्रीम कोर्ट के वकील दलित चेहरा भानु प्रताप सिंह को प्रत्याशी घोषित किया था। विरोध के चलते भानु प्रताप का टिकट काटकर अब अतुल प्रधान को प्रत्याशी बना चुनावी मैदान में उतारा है।

**दिल्ली आबकारी नीति घोटाला**

# केजरीवाल रहेंगे 15 तक न्यायिक हिरासत में, तिहाड़ जेल में बसेरा

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के कथित आबकारी नीति घोटाले मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। जांच एजेंसी ने कोर्ट से केजरीवाल की 14 दिनों की न्यायिक हिरासत मांगी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

उनकी रिमांड अवधि 1 अप्रैल को खत्म हो रही थी। इससे पहले केजरीवाल दस दिन तक ईडी की हिरासत में थे।

दूसरी ओर केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ एक याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में 3 अप्रैल को सुनवाई होगी। ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को सीएम हाउस से गिरफ्तार किया था।

प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को यह भी आरोप लगाया कि पूछताछ के दौरान सीएम केजरीवाल ने कहा कि आप के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर उन्हें नहीं बल्कि अपने कैबिनेट सहयोगियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करते थे और नायर के साथ उनकी बातचीत 'सीमित' थी। ज्ञात रहे कि दिल्ली के शराब घोटाले मामले में सबसे पहली गिरफ्तारी विजय नायर की हुई थी। सीबीआई ने विजय नायर को मनीष सिसोदिया का 'करीबी' बताया था।



ईडी ने कहा कि हिरासत में पूछताछ के दौरान सीएम केजरीवाल को शराब कारोबार में शामिल अन्य सह-आरोपियों के साथ विजय नायर की 10 से अधिक बैठकों के सबूत दिखाए गए, जिनमें निर्माता, थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता और यहां तक कि दिनेश अरोड़ा और अभिषेक बोइनपल्ली जैसे बिचौलिए भी शामिल थे।

जांच एजेंसी ने यह भी कहा कि सीएम केजरीवाल ने यह दावा करके इस सवाल को टाल दिया कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि सीएम के कैंप ऑफिस में कौन-कौन काम करता है।

आप के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर को जांच एजेंसी ने उत्पाद शुल्क नीति मामले में साउथ ग्रुप के सदस्यों के कविता, सरथ रेड्डी, राघव मगुंटा और मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी और अन्य आप नेताओं मनीष सिसौदिया और संजय सिंह के साथ गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी ने बताया कि विजय नायर के बयानों से पता चलता है कि वह एक कैबिनेट मंत्री के बंगले में रहे और सीएम के कैंप ऑफिस से काम किया।

### सेल नंबर दो में रहेंगे केजरीवाल

केजरीवाल अब तिहाड़ की जेल के सेल नंबर 2 में रहेंगे। जेल नंबर 2 में एक जनरल एरिया है. इसी में एक बैरेक है। केजरीवाल को यहां अकेले रखा गया है। इसी जेल में केजरीवाल के सहयोगी और शराब नीति केस में आरोपी मनीष सिसोदिया, संजय सिंह अलग-अलग सेल में बंद हैं। बीआरएस नेता के. कविता भी महिला सेल नंबर 6 में रखी गई हैं।

### आम आदमी पार्टी में रोष

केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ने से आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में रोष है। इसके चलते तिहाड़ जेल के बाहर विरोध में बड़ी संख्या में आप कार्यकर्ता प्रदर्शन के लिए पहुंचे हैं। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। करीब साढ़े चार बजे सीएम केजरीवाल को जेल के भीतर दाखिल करा दिया गया।

### केजरीवाल ने मांगी तीन किताबें

न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद सीएम केजरीवाल ने आवेदन दायर कर तीन किताबें 'रामायण' और 'भगवद गीता' और 'हाउ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड' उपलब्ध कराने की मांग की।

**अमर्यादित टिप्पणी का मामला**

# दिलीप घोष व सुप्रिया श्रीनेत को चुनाव आयोग की फटकार

■ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी माना, बयानों में सावधानी बरतने के निर्देश





एजेंसी | नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने भाजपा सांसद दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत को उनके महिलाओं के खिलाफ दिए आपत्तिजनक बयान को लेकर फटकार लगाई है।

आयोग ने दोनों नेताओं को चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी माना है और भविष्य में सार्वजनिक बयानों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। आयोग की अब चुनाव के दौरान उन पर खास नजर रहेगी।

ज्ञात रहे कि आयोग ने घोष और सुप्रिया श्रीनेत को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। अपने जवाब में दोनों नेताओं ने स्वीकार किया कि उन्होंने चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया और निजी हमले किए। जवाब मिलने के बाद आयोग ने दोनों नेताओं को चेतावनी दी है कि अब वे आगे से सार्वजनिक बयानों को लेकर सावधानी बरतें।

साथ ही चुनाव के दौरान दोनों नेताओं के बयानों की चुनाव आयोग द्वारा विशेष समीक्षा की जाएगी। आयोग ने कहा कि वह आश्वस्त है कि दोनों नेताओं ने निम्न स्तर का व्यक्तिगत हमला किया और यह आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन है।

आयोग ने अपने चेतावनी नोटिस की कॉपी पार्टी के अध्यक्षों को भी भेज दी है ताकि वे भी अपनी पार्टी के नेताओं को चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन और आपत्तिजनक बयानबाजी को लेकर आगाह कर सकें।

**BJP की चुनाव घोषणा समिति की पहली बैठक**

# 'विकसित भारत' 2047 के रोडमैप पर मंथन

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए तेज होते चुनाव प्रचार के बीच सोमवार को भाजपा की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली चुनाव घोषणापत्र समिति की पहली बैठक हुई, जिसमें 'विकसित भारत' एजेंडे के रोडमैप पर चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार घोषणा पत्र की दो बड़ी थीम होंगी।

सूत्रों के अनुसार पार्टी का घोषणा पत्र पीएम मोदी की गारंटी और विकसित भारत 2047 संकल्प की थीम पर होगा। साथ ही इसमें पिछले दस साल में पूरे किए गए वादों का जिक्र भी होगा। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को खत्म करने को बड़ी उपलब्धियों के तौर पर बताया जाएगा।



गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून के बीच होने हैं।बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री व घोषणा पत्र समिति के सह संयोजक पीयूष गोयल ने पत्रकारों से कहा कि पार्टी को अपनी मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से 3.75 लाख से अधिक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐप (नमो) पर लगभग 1.70 लाख सुझाव मिले हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में 2047 तक विकसित भारत के रोडमैप पर चर्चा की गई। हमारे घोषणापत्र के लिए लोगों की भागीदारी पीएम मोदी के नेतृत्व में उनके विश्वास और उनसे उनकी अपेक्षाओं को दर्शाती है।

### लोगों से मिले सुझावों की होगी छंटनी, फिर होगा तैयार

गोयल ने कहा कि लोगों से मिले सभी सुझावों को कई श्रेणियों के तहत छांटा जाएगा और समिति की अगली बैठक के लिए सीमित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के 3,500 विधानसभा क्षेत्रों में 916 वीडियो वैन भी चलाई गईं, जो लोगों तक पहुंचीं और घोषणा पत्र के लिए उनके विचार मांगे। राजनाथ सिंह 2019 के लोकसभा चुनावों के लिए भी बीजेपी की घोषणा पत्र समिति के प्रमुख थे

**कर्नाटक: लोकसभा चुनाव में सीएम पद की खींचतान**

# कांग्रेस को 60 हजार मतों बढ़त दें ताकि सीएम बना रहूं: सिद्धारमैया

एजेंसी | मैसूर

कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अटकलें फिर तेज हो गई हैं। दरअसल, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को वरुणा क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को कम से कम 60 हजार मतों की बढ़त दें, ताकि वह पद पर बने रहें।

वहीं, उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मांड्या में कहा कि जिस इच्छा (मुख्यमंत्री बनने की) के साथ लोगों ने उन्हें ध्यान में रखते हुए पिछले साल मई में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का समर्थन किया था, अब वह झूठ नहीं निकलेगी। सिद्धारमैया ने एक जनसभा में कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव कांग्रेस उम्मीदवार ध्रुवनारायण महज 1,817 मतों के अंतर से हार गए थे। इस बार विधानसभा चुनाव में आपने (वरुणा सीट से) 48 हजार मतों की बढ़त देकर मुझे जिताया। क्या आप वहीं लीड देंगे या अब और अधिक? अगर आप कांग्रेस उम्मीदवार को 60 हजार मतों से विजयी बनाते हैं तो मुझे खुशी होगी। कोई मुझे छू नहीं पाएगा। मुझे मुख्यमंत्री बने रहना चाहिए या नहीं? इसलिए मैं आपसे हाथ जोड़कर आग्रह करता हूं...मैं जीतने के बाद आपको धन्यवाद देने के लिए वापस आऊंगा। सिद्धारमैया का वरुणा विधानसभा क्षेत्र चामराजनगर लोकसभा क्षेत्र के तहत आता है।



**कच्चाथीवू द्वीप पर गरमाई सियासत**

# पीएम मोदी व जयशंकर ने द्रमुक-कांग्रेस को घेरा, चिदंबरम का पलटवार

एजेंसी | नई दिल्ली

कच्चाथीवू द्वीप को लेकर देश में सियासत गरमा गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर सियासी हमले के बाद सोमवार को तमिलनाड़ु में सत्तारूढ़ द्रमुक पर भी निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि द्रमुक ने तमिलनाडु के हितों की रक्षा के लिए कुछ भी नहीं किया है, सिर्फ बयानबाजी की है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कांग्रेस और डीएमके पर निशाना साधाते हुए सोमवार को कहा कि कच्चाथीवू का मुद्दा अचानक सामने नहीं आया, यह एक जीवंत मुद्दा है। संसद में अक्सर इस पर बहस की जाती है। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों ने इस मुद्दे पर ऐसा रुख अपनाया है जैसे उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है। जयशंकर के बयान के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने पलटवार करते हुए पीएम मोदी व विदेश मंत्री जयशंकर दोनों पर निशाना साधा है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, डीएमके ने बयानबाजी के अलावा तमिलनाडु के हितों की रक्षा के लिए कुछ भी नहीं किया है। कच्चाथीवू द्वीप पर सामने आई नई रिपोर्ट ने डीएमके के दोहरे मानदंड को पूरी तरह से उजागर कर दिया है। कांग्रेस और डीएमके सिर्फ पारिवारिक यूनिट हैं। उन्हें केवल इस बात की परवाह है कि उनके अपने बेटे और बेटियां ही आगे बढ़ें। कच्चाथीवू पर उनकी उदासीनता ने हमारे गरीब मछुआरों और महिलाओं के हितों को नुकसान पहुंचाया है। पीएम मोदी ने दिवंगत डीएमके सांसद एरा सेझियान के एक बयान को भी शेयर किया। जिसमें उन्होंने तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार द्वारा हस्ताक्षरित भारत-श्रीलंका समुद्री समझौते पर नाराजगी जताई थी।



> प्रदेश द्रमुक ने तमिलनाडु के हितों की रक्षा के लिए कुछ भी नहीं किया



> पीएम मोदी इस मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं जिसे 1974 में ही सुलझा लिया गया था।



> कच्चाथीवू का मुद्दा अचानक सामने नहीं आया, यह एक जीवंत मुद्दा

### चीनी कब्जे पर बोलें पीएम मोदी:चिदंबरम

दूसरी ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने सोमवार को पीएम मोदी को सलाह दी कि वह कच्चाथीवू द्वीप मुद्दे के बजाय भारतीय क्षेत्र पर 'चीनी कब्जे' पर बोलें। चिदंबरम ने इस पर आश्चर्य व्यक्त किया कि पीएम मोदी इस मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं जिसे 1974 में ही सुलझा लिया गया था। चिदंबरम ने कहा, यह मुद्दा 50 साल पहले बंद हो गया था। अब, पीएम हालिया मुद्दों पर बात करने के बजाय उस मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं। 2,000 वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र पर चीनी सैनिकों का कब्जा है।

### विदेश मंत्री जयशंकर पर भी साधा निशाना

चिदंबरम ने विदेश मंत्री एस जयशंकर पर भी निशाना साधा है। उन्होंने सवाल किया कि विदेश मंत्री इस मुद्दे को लेकर कलाबाजी क्यों कर रहे हैं। साथ ही चिदंबरम ने कहा कि एक सौम्य उदार विदेश सेवा के अधिकारी से आरएसएस-भाजपा के मुखपत्र बनने तक की डॉ. जयशंकर की यात्रा कलाबाजी के इतिहास में दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच समझौते से द्वीप से तमिल शरणार्थियों को भारत में आने और बसने में मदद मिली।

### डीएमके सांसद ने भाजपा को घेरा

डीएमके के ए सरवनन ने कहा कि विदेश मंत्री ने कुछ भी नया नहीं कहा है। उन्होंने कहा, सवाल यह है कि भाजपा अब इस मुद्दे को क्यों उठा रही है, क्योंकि वे डरे हुए हैं, वे जानते हैं कि वे चुनाव हारने वाले हैं और तमिलनाडु में उन्हें हार का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री इस सवाल का जवाब नहीं दे सकते हैं कि तमिलनाडु के लिए बाढ़ राहत क्यों नहीं दी गई। वह अब झूठी बातें सामने ला रहे हैं।

## जरूरी खबर

### भोजशाला के सर्वे पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश में भोजशाला के एएसआइ सर्वे पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया। हालांकि कोर्ट ने कहा कि उसकी इजाजत के बगैर सर्वे के नतीजों के आधार पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। साथ ही कोर्ट ने भोजशाला के एएसआइ सर्वे को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया है। ये आदेश न्यायाधीश ऋषिकेश राय और पीके मिश्रा की पीठ ने मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसाइटी धार की याचिका पर सुनवाई के बाद दिए। याचिका में भोजशाला का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से सर्वे कराने के मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश को रद्द करने की मांग की गई है। कोर्ट ने केंद्र सरकार, राज्य सरकार और एएसआई को नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

### केरल के मामले में संविधान पीठ करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केरल सरकार के शुद्ध उधारी की सीमा से जुड़े मुकदमे को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेज दिया। मुकदमे में राज्य ने आरोप लगाया गया है कि केंद्र उधार लेने पर सीमा लगाकर राज्य के वित्त को विनियमित करने के उसके विशेष, स्वायत्त अधिकार में हस्तक्षेप कर रहा है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथ ने राज्यों के उधार लेने से संबंधित संविधान के अनुच्छेद 293 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रविधान अब तक शीर्ष अदालत द्वारा किसी भी आधिकारिक व्याख्या के अधीन नहीं है।

### 2000 के करीब 97.69% नोट वापस बैंकों में आए

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि 2,000 रुपए के करीब 97.69 फीसदी नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं। चलन से बाहर किए गए नोटों में से केवल 8,202 करोड़ रुपए ही अभी भी जनता के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई 2023 को 2,000 रुपए मूल्य वर्ग के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने का ऐलान किया था। 19 मई 2023 को कारोबार बंद होने के समय प्रचलन में 2000 रुपए के बैंक नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपए था। 29 मार्च को कारोबार बंद होने पर यह घटकर 8,202 करोड़ रुपए रह गया है।

## रिजर्व बैंक का स्थापना दिवस... 90 रुपए का सिक्का जारी




*मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को को महाराष्ट्र के मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने पर आयोजित स्मृति समारोह में भाग लिया। इस अवसर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 90 रुपए का सिक्का जारी किया है। चांदी से बना ये सिक्का एक विशिष्ट स्मारक सिक्का है, जो कि रिजर्व बैंक के 9 दशक की उपलब्धियों के प्रतीक के तौर पर जारी किया गया है।*

### देश का रक्षा निर्यात 21 हजार करोड़ के पार



**नई दिल्ली।** भारत का रक्षा निर्यात पहली बार 21 हजार करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर यह जानकारी दी। सिंह ने लिखा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 32.5 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 21,083 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। सिंह ने एक अन्य ट्वीट में लिखा कि पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और रक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए प्रयासों के चलते भारत के रक्षा निर्यात में यह वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा कि हमारे रक्षा उद्योग ने हाल के वर्षों में शानदार काम किया है।

### तीसरे कार्यकाल के लिए आश्वस्त मोदी ने नौकरशाहों को चेताया

# 100 दिन व्यस्त हूं, तैयार रहें... धमा-धम काम आने वाला है

## आरबीआई के 90 साल पूरे होने पर बताई प्राथमिकता

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम चुनाव के बाद भाजपा नीत राजग की नई सरकार बनने का भरोसा जताते हुए सोमवार को कहा कि भारत को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए और दृढ़ता तथा गंभीरता से काम शुरू होगा। उन्होंने अधिकारियों से काम की बाढ़ के लिए तैयार रहने के लिए कहा।

उन्होंने कहा, मैं 100 दिन बिजी(व्यस्त) हूं। आप के पास भरपूर समय है। आप सोच कर रखिए, क्योंकि शपथ लेने के दूसरे ही दिन धमा-धम काम आने वाला है। पीएम मोदी ने सोमवार को रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है, ताकि राष्ट्र वैश्विक कारकों से ज्यादा प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि जून में तीसरी बार भाजपा नीत राजग के सत्ता में आने पर हर किसी के लिए ढेर सारे काम सृजित होंगे।



### विशेषज्ञता विकसित करने की आवश्यकता

पीएम मोदी ने कहा कि कई नए क्षेत्र बन रहे हैं और उन क्षेत्रों के वित्तपोषण में विशेषज्ञता विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने आह्वान किया कि ऐसे मुद्दों पर विचार-विमर्श होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने 21वीं सदी में नवाचार के महत्व पर जोर देते हुए कि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और कार्य के लिए कर्मियों की पहचान पर भी जोर दिया।

### बैंकिंग क्षेत्र फायदे में आया

पीएम मोदी ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र फायदे में आ गया है और पिछले दशक में उनकी सरकार और आरबीआई द्वारा किए गए प्रयासों के कारण ऋण वृद्धि बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां, जो 2018 में लगभग 11.25 प्रतिशत थीं, सितंबर, 2023 तक घटकर तीन प्रतिशत से कम पर आ गईं। 'ट्विन बैलेंस शीट' की समस्या अब अतीत की बात हो गई है और बैंक अब ऋण में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर रहे हैं।

### चुनाव आयोग ने NHAI को लिखा पत्र

## राजमार्गों पर फिलहाल नहीं बढ़ेगा टोल टैक्स चुनाव तक टलेगा

एजेंसी | नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से टोल शुल्क वृद्धि को टालने के लिए कहा है। आमतौर पर देश के ज्यादातर टोल राजमार्गों पर दरों को एक अप्रैल से बढ़ाया जाता है, लेकिन चुनाव आयोग ने कहा कि नई दरें लोकसभा चुनाव के बाद ही लागू होनी चाहिए।

चुनाव आयोग ने इस संबंध में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री के एक पत्र के जवाब में यह बात कही। ऐसा माना जा रहा था कि टोल शुल्क में औसत पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। एनएचएआइ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति में बदलाव के आधार पर हर साल टोल शुल्क में परिवर्तन किया जाता है। देश में




18वीं लोकसभा के लिए चुनाव 19 अप्रैल को शुरू होंगे और एक जून तक चलेंगे। मतों की गिनती चार जून को होगी।

आयोग ने कहा कि बिजली दर पर निर्णय के लिए आवश्यक प्रक्रिया राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी रखी जा सकती है। हालांकि, बिजली दर संबंधित राज्य में मतदान के पूरा होने पर यानी राज्य में मतदान की तारीख के बाद ही किया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट का रोक लगाने से इनकार

## ज्ञानवापी तहखाने में जारी रहेगी पूजा

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी में ज्ञानवापी स्थित व्यास जी के तलगृह में चल रही पूजा अर्चना पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया। कोर्ट ने तलगृह में पूजा के जिला अदालत और हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली मस्जिद कमेटी की याचिका पर काशी विश्वनाथ मंदिर के ट्रस्टियों और शैलेन्द्र व्यास को नोटिस भी जारी किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा है कि तलगृह में पूजा के संबंध में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। यथास्थिति कायम रहेगी और



मुसलमानों की नमाज भी जारी रहेगी। उसमें भी यथास्थिति बनाए रखी जाएगी। कोर्ट ने माना कि तलगृह में पूजा से नमाज पर असर नहीं पड़ रहा है।

मुसलमान नमाज अदा करने के लिए उत्तर की तरफ से मस्जिद में बिना बाधा प्रवेश कर सकते हैं जबकि तलगृह में पूजा के लिए पुजारी दक्षिणी प्रवेश द्वार से जाते हैं। ये आदेश प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने सोमवार को मामले पर करीब दो घंटे तक लंबी सुनवाई करने के बाद दिए। वाराणसी की अदालत ने 31 जनवरी को ज्ञानवापी में व्यास जी के तलगृह में पूजा अर्चना की अनुमति दे दी थी।

जिला अदालत ने माना था कि पूजा अनुष्ठान रोकने का उत्तर प्रदेश सरकार का 1993 का आदेश अवैध था।

### कांग्रेस ने आंध्र की पांच सीटों के लिए तय किए नाम

**अमरावती।** कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश की पांच लोकसभा और 114 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए हैं। आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने इसकी पुष्टि की। आंध्र प्रदेश की 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 संसदीय सीटों के लिए आगामी 13 मई को मतदान होना है। शर्मिला ने बताया कि वह सोमवार को नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आयोजित कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में शामिल हुईं थीं और बैठक में उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लग गई।

### चीन ने अरुणाचल की 30 जगहों के बदले नाम

## जयशंकर ने कहा-कोई असर नहीं पड़ेगा

एजेंसी | नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा पेश करने की चीन की हालिया कोशिशों के बीच बीजिंग ने भारतीय राज्य में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी सूची जारी की है। सरकारी अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' ने रविवार को बताया कि चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने 'जंगनान' में मानकीकृत भौगोलिक नामों की चौथी सूची जारी की है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस पर चीन पर पलटवार किया है। उन्होंने चीन के दावे को खारिज करते हुए कहा कि नाम बदलने से कोई असर नहीं पड़ेगा। वे भी



जानते हैं कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। जयशंकर ने कहा कि आज अगर मैं आपके घर का नाम बदल दूं, तो क्या वह मेरा हो जाएगा। नाम बदलने से कोई असर नहीं पड़ता है। भारतीय सेना वास्तविक नियंत्रण रेखा पर मुस्तैदी के साथ खड़ी है। ज्ञात रहे कि चीन अरुणाचल प्रदेश को 'जंगनान' कहता है और दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में इस राज्य पर अपना दावा करता है। इस बीच, रक्षा विशेषज्ञ ब्रह्म चेलानी ने कहा कि भारत को चीन को याद दिलाना चाहिए। अब वह तिब्बत पर कब्जे का विस्तार अरुणाचल तक करना चाहता है, जिसे भारत कभी अनुमति नहीं देगा। चेलानी ने भारत को सलाह दी कि उसे चीन को साफ-साफ समझा देना चाहिए कि असल बात तो ये है कि बीजिंग खुद तिब्बत पर कब्जा करके भारत का पड़ोसी बना बैठा है।

### हर मामला सीबीआई को सौंपना उचित नहीं

# सुरक्षा मामलों पर फोकस करें जांच एजेंसियां: CJI

एजेंसी | नई दिल्ली

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जैसी जांच एजेंसियों के पास मौजूद तलाशी और जब्ती की शक्तियों और किसी व्यक्ति की निजता के अधिकार के बीच एक नाजुक संतुलन बनाए रखने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने कहा कि सीबीआई का विस्तार काफी कम होने की वजह से प्रमुख जांच एजेंसियों को सिर्फ ऐसे मामलों पर फोकस करने की जरूरत है, जो राष्ट्र सुरक्षा से जुड़े हों।

सीजेआई चंद्रचूड ने केंद्रीय जांच ब्यूरो के स्थापना दिवस



पर दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 20वें डीपी कोहली मेमोरियल व्याख्यान में यह बात कही। उन्होंने कहा, सीबीआई को भ्रष्टाचार विरोधी जांच एजेंसी के रूप में अपनी भूमिका से परे विभिन्न प्रकार के आपराधिक मामलों की जांच करने के लिए कहा जा रहा है। हर मामला सीबीआई को हैंडओवर कर देना अनुचित है। उन्होंने कहा, हमें अपराध रोकने के लिए टेक्नोलॉजी का फायदा उठाने की जरूरत है। हमें एक संस्थागत प्रतिबद्धता, विभिन्न विभागों के बीच वित्त, तालमेल और रणनीतियों की आवश्यकता है। सीबीआई को मामलों के धीमे निस्तारण से निपटने के लिए एक रणनीति बनानी होगी।

अपराध के परिदृश्य का जिक्र करते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि केंद्रीय जांच ब्यूरो जैसी जांच एजेंसियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उपकरणों का इस्तेमाल करने के अलावा उनसे निपटने के लिए अपनी क्षमताओं का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया डिजिटल तकनीक के विस्तार के जरिए तेजी से आपस में जुड़ती जा रही है, उतना ही सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों को नई और कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

### सिस्टम में बदलाव के लिए एडवांस्ड इक्विपमेंट्स की जरूरत

उन्होंने कहा,जजों की शिकायत रहती है कि उनमें जो बेस्ट होता है, उसे सीबीआई कोर्ट्स में नियुक्त किया जाता है. क्योंकि वे संवेदनशील होते हैं। लेकिन धीमी गति से सुनवाई के चलते मामलों के निपटाने की दर भी धीमी हो जाती है। सिस्टम में आमूल-चूल बदलाव करने के लिए हमें प्रौद्योगिकी रूप से उन्नत उपकरणों की जरूरत है।

### आर्थिक अपराधों का जल्द हो निपटारा

सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, सीबीआई उन अपराधों से निपटती है, जो देश की इकोनॉमी को प्रभावित करते हैं। उनका जल्द निपटारा जरूरी है। जिन पर पर कानून के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाया गया, इससे उनकी जिंदगी और प्रतिष्ठा पर चोट पहुंचती है। देरी न्याय देने में बाधक बनती है। उन्होंने कहा, कोविड के दौरान हमने जबर्दस्त कनेक्टिविटी देखी। वर्चुअल कोर्ट्स और ई-फिलिंग सामने आई। इसमें चुनौती ये है कि बिना इंटरनेट और टेक्नोलॉजी की समझ के बिना कैसे काम करेंगे। उचित प्रशिक्षण जरूरी है।

## राजस्थान समेत कई राज्यों में भीषण गर्मी की संभावना

एजेंसी | नई दिल्ली

मौसम विभाग कहा कि अप्रैल से लेकर जून महीनें के दौरान देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ने और लू चलने की आशंका है। इस दौरान गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, उत्तरी कर्नाटक, राजस्थान, एमपी, ओडिशा, उत्तरी छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश में लू का सबसे बुरा असर देखने को मिल सकता है। गौरतलब है कि इस समय पूरे देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे।

आईएमडी डीजी मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि अप्रैल से लेकर जून महीनें के दौरान मैदानी इलाके के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से अधिक लू चलने की संभावना है। वहीं पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, पूर्वोत्तर राज्यों और उत्तरी ओडिशा के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे सामान्य से नीचे रहने की संभावना है।

आने वाले महीनों को लेकर जारी अनुमान के मुताबिक मौसम विभाग ने कहा कि ज्यादा गर्मी के कारण तैयार गेहूं की फसल पर कोई खासा असर नहीं पड़ेगा। मध्य प्रदेश को छोड़कर गेहूं उत्पादक राज्यों के लिए लू की कोई चेतावनी नहीं है।

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में इस समय तापमान 37-40 डिग्री सेल्सियस के आसपास है और अगले सप्ताह 42 डिग्री तक जाने की संभावना है। चूंकि राज्य में गेहूं की कटाई का 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है, इसलिए कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव व विश्व शांति महायज्ञ का समापन

# पर्यावरण संतुलन के लिए महावीर के सिद्धांत प्रासंगिक: आचार्य सागर

**बेधड़क.जयपुर।** आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में नवनिर्मित श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनालय का श्रीमज्जिनेन्द्र महावीर जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव व विश्व शांति महायज्ञ का समापन श्रीजी को नवीन वेदी व शिखर पर नवीन ध्वजारोहण के साथ हुआ। वैशाली नगर नर्सरी सर्कल स्थित जानकी पैराडाइज में इस मौके पर हुई धार्मिक क्रियाओं को देख श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति अध्यक्ष गजेंद्र बडजात्या ने बताया, कि महोत्सव के अंतिम दिन मोक्ष कल्याणक की क्रियाएं शुरू हो गईं, जिसके तहत ज्ञानकल्याणक पूजा, जिनेन्द्र का पदम सरोवर पावापुर से आगमन, अग्नि कुमार द्वारा अंतिम विधि, अष्टगुण स्थापना के बाद मोक्ष कल्याणक पूजा हुई, जिसमें रोम-रोम से निकले प्रभुवर नाम तुम्हारा... महावीरा से ध्यान लगाना... जैसे भजनों पर प्रवीण-प्रिया बड़जात्या, महोत्सव समिति महामंत्री राजेश पाटनी सहित अन्य श्रद्धालु भाव-विभोर होकर नाचे।





### की विश्व में शांति की कामना

भक्तिभाव से निर्वाण लड़्डू चढ़ाया गया और विश्व में शांति की मंगल कामना के साथ विश्व शांति महायज्ञ व शांतिपाठ हुआ, जिसमें पूर्णाहुति दी गई। इस मौके पर हुई धर्म सभा में आचार्य सुनील सागर महाराज ने कहा समय है कि हम सभी धर्म का आडंबर ना दिखाकर धर्म को अपने जीवन में अपनाकर मोक्षरूपी लक्ष्मी की ओर मार्ग प्रशस्त करें। विश्व में पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए भगवान महावीर के सिद्धांत आज 2600 वर्ष बाद भी कारगर हैं। उन्हें आचरण में लाना जरूरी है।



### शोभायात्रा निकाली

महोत्सव समिति महामंत्री राजेश पाटनी व महोत्सव के मुख्य संयोजक विकास बड़जात्या ने बताया, कि श्री मंडप से मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली गई और बैंड-बाजे के साथ निकली यात्रा में श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई मंदिर पहुंची, जहां मंदिर लिफ्ट का पुण्यार्जक परिवार श्रीमती ज्ञानदेवी, राजेश कुमार-समता पाटनी, जितेन्द्र-खुश्बू, ईषिता, मानव व जीविका पाटनी परिवार ने किया। इसके बाद प्रतिष्ठाचार्य पंडित मनोज जैन शास्त्री ने विधि विधान से जयकारों के बीच नवीन वेदियों में श्रीजी को विराजमान कराया। इस दौरान आस-पास का क्षेत्र श्रद्धा और आस्था के रंग में सराबोर नजर आया। इसके बाद शिखर पर नवीन ध्वजारोहण हुआ। महोत्सव का समापन ध्वज विसर्जन, क्षमायाचना आदि से हुआ।

## महिलाओं ने मनाया रंगोत्सव



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीपारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर महिला मण्डल कीर्ति नगर की ओर से रंगोत्सव कार्यक्रम जैन भवन कीर्ति नगर जयपुर में मनाया गया। महिला मंडल अध्यक्ष कांता सौगनी और महामंत्री रीटा छाबड़ा ने बताया, कि रंगोत्सव में करीब 160 महिलाओं ने भाग लिया। प्रचार मंत्री शिप्रा बैद ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से की गई। इसके बाद मनोरंजक हाउसी, सरप्राइज गेम्स, नृत्य-नाटिका, फूलों की होली के साथ मस्ती भरे गानों में सभी महिलाओं ने एंजॉय किया। कोषाध्यक्ष सरोज जैन ने बताया, कि लकी ड्रॉ व सरप्राइज गिफ्ट बांट गए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

## सजाई सुरों की महफिल

**बेधड़क. जयपुर।** आरोहीणी कत्थक केन्द्र सभागार में "ओरियन ग्रीनस' और "क्यूरियो आर्टस' की ओर से "बतियन की गली' में संजय रायजादा ने न केवल सांगीतिक सफर से गीत-संगीत अनुरागियों को रूबरू कराया, बल्कि सुरीले गाने गाकर भाव-विभोर कर दिया। प्रियदर्शनी के रोचक और कुशल संचालन ने "बतियन की गली' को उंचाई दी। संजय ने उनके सवालों के उत्तर दिए। संजय ने बताया, कि उनके पिता चाहते थे कि वे शिक्षाविद बने पर वे सुर साधक और बैंककर्मी बन गए। उन्होंने गुरु राजीव भट्ट को याद किया। दर्शक दीर्घा में कला रसिक अनन्त व्यास, पर्यावरण प्रेमी नीता उपाध्याय, संगीत गुरू राजीव भट्ट आदि की उपस्थिति रही। युवा शास्त्रीय गायिका डॉ. गरिमा को कर्मठ युवा सम्मान से उनके गुरु पंडित हनुमान सहाय की उपस्थिति में नवाजा गया।

## एक छत के नीचे जुटेंगे विशेषज्ञ



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में क्रेडाई राजस्थान के विशेषज्ञ एक छत के नीचे होंगे और जयपुराइट्स का मार्गदर्शन करेंगे। इसके लिए 4 से 7 अप्रैल तक राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में क्रेडाई एक्सपो-2024 का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जयपुर, अलवर, अजमेर, उदयपुर, सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों के 40 से अधिक विशेषज्ञ शामिल होंगे। क्रेडाई राजस्थान अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया, कि एक्सपो में 400 से अधिक प्रोजेक्ट की बात की जाएगी। क्रेडाई राजस्थान के सेक्रेटरी रवींद्र प्रताप सिंह, कन्वीनर गिरिराज अग्रवाल, को-कन्वीनर कृष्णा गुप्ता व को-कन्वीनर अमित विजयवर्गीय ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने बताया, कि आरआईसी में इस दौरान पूरे प्रदेश से लोग शामिल होंगे, जो विशेषज्ञों से इस फील्ड के बारे में जानकारी लेंगे। प्रदेश में हो रही संभावनाओं को भी बताया जाएगा, जिसमें हर वर्ग के लिए खास होगा।

## City इवेंट्स

### मानव कल्याण के लिए भागवत श्रवण जरूरी



**बेधड़क. जयपुर।** ठाकुर जी की शरण में रहकर अपना सत्कर्म प्रारम्भ करें, यही धर्म है। सर्वदा और सर्वत्र परमात्मा व्याप्त है जिसकी अनुभूति हम निष्ठा के बिना नहीं कर सकते। यह बात नायला में संत शुकदेवदास स्मृति महोत्सव के अंतर्गत चल रही तृतीय दिवस की भागवत कथा के दौरान आचार्य रमेश शास्त्री ने कही। उन्होंने पुरुषार्थ चतुष्टय प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनुसूया और सती चरित्र 'धर्म' की व्याख्या है। ध्रुव चरित्र 'अर्थ' की व्याख्या है। 'काम' की व्याख्या पृथ्वी चरित्र और मोक्ष की व्याख्या पुरंजन उपाख्यान है, इसलिए प्रत्येक जीव मात्र के कल्याण के लिए भागवत श्रवण अवश्य करना चाहिए। भागवत कथा के बीच जानकारी देते हुए आश्रम के प्रवक्ता डॉ. कमलेश शर्मा ने बताया कि मंगलवार को कथा के दौरान राम व कृष्ण के जन्म का उत्सव मनाया जाएगा। वहीं परिसर में पं. ओमप्रकाश शास्त्री के आचार्यत्व में अष्टोतर गोपालसहस्रनाम, महावाणीजी के पाठ नियमित किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पं. भुवनेश्वर वशिष्ठ के निर्देशन में रासलीला का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं।

### क्लीन जयपुर के लिए किया श्रमदान



**बेधड़क. जयपुर।** टीम 10 ने शहर के विधाधर नगर में साफ-सफाई और रंग-रोगन करते हुए क्षेत्र को क्लीन व सुंदर बनाने का काम किया। मैंबर्स ने ट्रांसफार्मर की जालियों को भी पेंट किया, जिससे वे सुंदर दिखे और सफाई बनी रहे। मैंबर्स ने बताया, कि पिछले 10 साल से टीम 10 ट्री एंबुलेंस ग्रुप ने बिना किसी सरकारी मदद के एक लाख पैतीस हजार पौधे लगाए हैं। साथ ही एक दिन भी छुट्टी नहीं की है। दीवाली-धुलंडी को भी छुट्टी नहीं करते हुए श्रमदान करते आए हैं।

## पिंक सिटी प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

# हमेशा चौथे स्तंभ की मजबूती के लिए कार्य किया: गोपाल शर्मा






**बेधड़क | जयपुर**

पिंक सिटी प्रेस क्लब लिमिटेड के वर्ष 2024- 25 के कार्यकारिणी चुनाव संपन्न होने पर सोमवार 1 अप्रैल को नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को कार्यभार तथा निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण चंद्र छाबड़ा की अध्यक्षता में समारोह भव्यता पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि की भूमिका में वरिष्ठ पत्रकार एवं विधायक गोपाल शर्मा के साथ वरिष्ठ पत्रकार अनिल लोढ़ा तथा नव निर्वाचित प्रेस क्लब अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौड तथा पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य मंच पर उपस्थित रहे। निर्वाचन मंडल को निष्पक्ष निर्वाचन सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। वरिष्ठ पत्रकार, लेखक तथा कवि अशोक भटनागर को निर्वाचन में विशेष भूमिका निभाने तथा निर्वाचन मंडल द्वारा नवाचारों के लिए साफा, पुष्पहार पहनाकर तथा विशेष सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। सहायक निर्वाचन अधिकारी अशोक भटनागर ने पिंक सिटी प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष विमल तंवर को निर्वाचन प्रमाण पत्र एवं साफा तथा माला पहनकर स्वागत किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी लल्लू लाल शर्मा ने मंच का संचालन करते हुए पिंक सिटी प्रेस क्लब के कर्मचारियों का भी धन्यवाद प्रदान किया। मुख्य अतिथि विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि मैं हमेशा चौथे स्तंभ की मजबूती के लिए सजकता से कार्य करता रहा हूं। प्रेस क्लब की जो भी जरूरत होगी उसके लिए मैं हमेशा उपलब्ध हूं।

## सिर पर मंगल कलश लेकर निकली महिलाएं

# तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव में निकली घट यात्रा



**बेधड़क | जयपुर**

सांगानेर स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर गोदीकान नामदेव चौक में तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर घट यात्रा निकाली गई और ध्वजारोहण सहित कई आयोजन हुए। कार्यवाहक मंत्री अभय लुहाडिया ने बताया, कि आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ के आशीर्वाद से मुनि सुर्तेश सागर महाराज, मुनि सम्प्राप्त सागर महाराज के सानिध्य में यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश लेकर सहभागिता निभाई। मंत्रोच्चार के बीच वेदी शुद्धि की गई। इस मौके पर लुहाड़िया परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। धर्म सभा में पाद पक्षालन, शास्त्र भेंट, दीप प्रज्ज्वलन समाजश्रेष्ठी केवल गंगवाल, प्रकाश गंगवाल निमोडिया वाले तथा राजस्थान जैन सभा जयपुर के मंत्री विनोद जैन कोटखावदा, भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी राजस्थान अंचल के महामंत्री योगेश टोडरका ने किया। इस मौके पर मुनिश्री ने कहा, कि अपनी आत्मा का चिन्तन करने से जीवन धन्य हो जाता है। जिनवर का ध्यान करने से निज आत्मा का ज्ञान हो जाता है। सभी को श्रद्धापूर्वक भगवान व गुरु की उपासना करनी चाहिए। इस मौके पर मंच संचालन प्रतिष्ठाचार्य सनत कुमार जैन ने किया। केवल गंगवाल, योगेश टोडरका, सुरेश कासलीवाल, कैलाश मलैया आदि का स्वागत आशीष पाटनी, अभय लुहाडिया, प्रदीप ठोलिया ने किया। दोपहर में संगीतमय पंच परमेष्ठी (वास्तु विधान) किया गया। संगीतकार साक्षी जैन ने भजनों की प्रस्तुति दी। सौधर्म इन्द्र चेतन-रेखा छाबड़ा, कुबेर इन्द्र मनोज-मीनू बिलाला, यज्ञनायक आशीष-सीमा पाटनी, महामंडलेश्वर सुधीर-डिम्पल अजमेरा, ईशान इन्द्र अभय-अनिता लुहाडिया व सभी इन्द्र-इन्द्राणियों ने पूजा-अर्चना की। वेदी पुण्यार्जन कर्ता बाबूलाल बोहरा लाखना वाले व परिवारजनों का सम्मान किया गया।

**मनोरंजन** | सोशल मीडिया पर भी एक्टिव हैं दोनों एक्टर्स

# जयपुराइट्स को भा गया खिलाड़ी और टाइगर का अंदाज

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुराइट्स खिलाड़ी कुमार और टाइगर श्रॉफ की केमिस्ट्री को ट्रेलर और उनकी सोशल मीडिया एक्टिविटीज में एंजॉय कर रहे हैं। क्योंकि दोनों बड़े मिया छोटे मियां बनकर सामने हैं और एक्शन फिल्म का इंताजार है। दूसरी ओर जैकी भगनानी भी एक्साइटेड हैं। उन्होंने ट्रेलर के लिए खुद एंकरिंग भी की और सबसे पर्सनली मिलकर विशेज लीं। ट्रेलर में अक्षय और टाइगर देश को आतंकवादी हमले से बचाने के लिए जद्दोजहद करते नजर आ रहे हैं। ट्रेलर की शुरुआत हेलीकॉप्टर और आर्मी की गाड़ियों से होती है। इसके बाद बैकग्राउंड से आवाज आती है सबसे खतरनाक दुश्मन वो होता है जिसके अंदर मौत का डर ही ना हो। एक ऐसा दुश्मन जिसका ना नाम हो ना पहचान ना चेहरा हो, जिसका सिर्फ एक लक्ष्य हो बदला। इसके बाद धमाका होता है और गाड़ियों के परखच्चे उड़ते हुए नजर आते हैं। इन सबने पिछले एक वीक से जयपुराइट्स को उत्साहित कर रखा है। टाइगर और अक्षय की धांसू स्टंट करते हुए एंट्री और बैकग्राउंड ने युवाओं को आकर्षित किया है।



### सोल्जर अवतार में टाइगर-अक्षय

फिल्म में टाइगर श्रॉफ और अक्षय कुमार सोल्जर अवतार में हैं जो देश को आतंकवादियों से बचाने के लिए लड़ रहे हैं। वहीं फिल्म में विलेन के किरदार में साउथ एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन हैं। ट्रेलर में पृथ्वी थ्वीराज सुकुमारन की एक झलक दिखाई गई। सोनाक्षी सिन्हा और मानुषी छिल्लर भी जबरदस्त अंदाज में नजर आ रही हैं। ऐसे में जयपुराइट्स ईद के मौके पर 10 अप्रैल के इंतजार में हैं।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, मंगलवार, 02 अप्रैल, 2024



समाज की प्रगति समाज में महिलाओं को मिले स्थान से मापी जा सकती है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## अफगानिस्तान में खेलने के दौरान बच्चों को मिली थी एक दशक पुरानी सुरंग

# पुरानी बारूदी सुरंग में हुआ विस्फोट... 9 बच्चों की मौत



### बच्चों के लिए खतरनाक

बता दें कि, अफगानिस्तान कई दशकों से युद्ध का सामना कर रहा है और उन बच्चों के लिए अति खतरनाक क्षेत्र है जो अपने परिवार का गुजारा चलाने के लिए कबाड़ एकत्र करते हैं। पूर्व में भी नहीं फटे गोला-बारूद में धमाके होने से कई बच्चों की जान चुकी है या उनका अंग भंग हुआ है। भाषा

एजेंसी | काबुल

अफगानिस्तान में एक दर्दनाक हादसे में 9 बच्चे मौत का शिकार हो गए हैं। मामला पूर्वी अफगानिस्तान का है जहां खेलने के दौरान बच्चों को मिली पुरानी बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से नौ बच्चों की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। तालिबान के प्रवक्ता ने सोमवार को इस दर्दनाक हादसे के बारे में जानकारी दी है।

गजनी में तालिबान के सूचना एवं संस्कृति विभाग के निदेशक हमीदुल्ला निसार ने बताया कि गजनी सूबे के गेरो जिले के एक गांव में बच्चों को खेलने के दौरान करीब एक दशक पुरानी बारूदी सुरंग मिली थी। उन्होंने बताया कि बारूदी सुरंग में हुए धमाके की चपेट में आने से पांच लड़कों और चार लड़कियों की मौत हो गई जिनकी आयु पांच से 10 साल के बीच थी। ये दुखद घटना थी।

### पुरानी जंग में जमीन में दबे रह गए थे विस्फोटक

गौरतरलब है कि कि अफगानिस्तान में दशकों तक जंग लड़ी गई है। जंग के दौरान अफगानिस्तान के कई हिस्सों में जमीन के नीचे हथगोले और मोर्टार दबा दिए गए थे जो अब तक बचे हुए हैं। बिना विस्फोट वाले आयुध और खदानें आज भी जस की तस हैं और विस्फोट की खबरें आती रहती हैं। ऐसे ही एक विस्फोट की चपेट में बच्चे आ गए जिसके बाद उनकी मौत हो गई। रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति का कहना है कि इसके शिकार मुख्य तौर पर बच्चे ही होते हैं।

## तोशाखाना मामले में 14 साल की सजा निलंबित

# इमरान-बुशरा को राहत

एजेंसी | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बड़ी राहत मिली। उच्च न्यायालय ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में उन्हें और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को राहत देते हुए 14 साल की सजा सोमवार को निलंबित कर दी। देश में आम चुनाव से कुछ दिन पहले तोशाखाना से मिले सरकारी उपहारों में कथित भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेही अदालत ने 31 जनवरी को दोनों को 14-14 साल जेल की सजा सुनायी थी। दोनों ने सजा को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी, जहां मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक के नेतृत्व वाली दो सदस्यीय पीठ ने मामले की सुनवायी की। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने मामले में दंपति की सजा को निलंबित करके और उन्हें जमानत देकर अस्थायी राहत दी।



### महंगे उपहारों को अपने पास रखने का था आरोप

तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में, 71 वर्षीय खान पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान मिले महंगे सरकारी उपहारों को अपने पास रखने का आरोप है। तोशाखाना संबंधी नियमों के तहत सरकारी अधिकारी कीमत चुकाकर उपहार रख सकते हैं। लेकिन पहले उपहार तोशाखाना में जमा किया जाना चाहिए। खान और उनकी पत्नी या तो उपहार जमा करने में विफल रहे या कथित तौर पर अपने अधिकार का उपयोग करके इसे कम कीमत पर हासिल किया। तीस जनवरी को सिफर मामले में 10 साल की सजा सुनाये जाने के एक दिन बाद तोशाखाना मामले में खान को दोषी ठहराया गया था।

### अगस्त 2023 में ठहराया गया था दोषी

इससे पहले, उन्हें अगस्त 2023 में तोशाखाना के एक अलग मामले में भी दोषी ठहराया गया था, जिसके कारण उन्हें गिरफ्तार किया गया था। नवीनतम दोषसिद्धि प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें या उनके जीवनसाथी को मिले उपहारों को रखने के लिए अपने अधिकार का दुरुपयोग करने के आरोप पर आधारित थी। यह राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो द्वारा दायर किया गया था। अप्रैल 2022 में सत्ता गंवाने के बाद से खान को अब तक चार अलग-अलग मामलों में दोषी ठहराया गया है। उन्हें तोशाखाना के दोनों मामलों में जमानत मिल गई है।

## ट्रम्प की पार्टी के सांसद ने दे डाला विवादित बयान

# गाजा को हिरोशिमा और नागासाकी बना दो

एजेंसी | वॉशिंगटन

अमेरिकी सांसद टिम वालबर्ग ने हमास के कब्जे वाले गाजा पर हिरोशिमा और नागासाकी की तरह एटमी हमला करने का विवादास्पद बयान दिया है। अब उनके इस बयान पर विवाद तेज हो गया है। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' के मुताबिक कि वालबर्ग के इस बयान ऑडियो



सोशल मीडिया पर लीक हुआ है। अरब न्यूज ने भी इसकी पुष्टि की है। इतना ही नहीं, वालबर्ग ने यहां तक कहा कि अमेरिका को गाजा में किसी तरह की मदद नहीं पहुंचानी चाहिए। रिपोट्र्स के मुताबिक वालबर्ग ने यह बयान एक पब्लिक मीटिंग के दौरान 25 मार्च को दिया था। हालांकि, पहली बार यह अब चर्चा में आया है। वालबर्ग ने पिछले हफ्ते एक टाउन हॉल के दौरान समर्थकों को संबोधित किया था। इस दौरान वो इजराइल और हमास की जंग पर बात कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने गाजा का जिक्र किया और विवादित बयान दिया। वालबर्ग ने कहा कि अब तेजी से काम करने की जरूरत है। गाजा के साथ वही करना चाहिए जो अमेरिका ने नागासागी और हिरोशिमा के साथ किया था।




## बंदूकधारियों ने की अंधाधुंध फायरिंग

**कराची।** बलूचिस्तान के ग्वादर के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने पाकिस्तानी सेना के बम निरोधक दस्ते पर अंधाधुंध गोलीबारी की। गोलीबारी में दो पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई और चार अन्य जख्मी हो गए। पाकिस्तानी बम निरोधक टीम अंकारा डैम इलाके में बारूदी सुरंगों को निष्क्रिय करने में व्यस्त थी तभी बंदूकधारियों ने उन पर गोलीबारी कर दी।

## पाक में 5 चीनी नागरिकों की हत्या का मामला

# पाकिस्तानी एजेंसी ने 12 आरोपियों को किया गिरफ्तार, वुहान पहुंचाए गए पांचों शव

एजेंसी | इस्लामाबाद

पाकिस्तान की आतंकवाद निरोधक पुलिस ने पिछले सप्ताह उत्तर पश्चिम क्षेत्र में आत्मघाती बम हमले में पांच चीनी श्रमिकों और उनके पाकिस्तानी चालक की हत्या के सिलसिले में छापेमारी कर कम से कम 12 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों




ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस और सुरक्षा बलों से जुड़े तीन अधिकारियों ने कहा कि गिरफ्तार लोग मंगलवार को हुए बम हमले में सीधे रूप से शामिल नहीं थे। लेकिन उन्होंने विस्फोट करने वालों की मदद की थी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए कुछ लोगों के संबंध पाकिस्तानी आतंकियों से थे। अधिकारियों के अनुसार संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

## ड्रैगन की नई चाल

# तिब्बत पर कब्जे की मनाई 65वीं वर्षगांठ

एजेंसी | बीजिंग

चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। चीन लगातार कुछ न कुछ ऐसी हरकतें करता है, जो भारत के लिए चिंता का विषय बन जाती हैं। अब चीन ने भारत और भूटान के सीमावर्ती गावों में तिब्बत पर कब्जे की 65वीं वर्षगांठ का जश्न मनाया है। चीन ने कहा है कि भारत की सीमा पर बसे उसके गांव पूरी तरह से आधुनिक हैं, जहां पर बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी है। दरअसल, चीन भारत से सटी सीमाओं पर लगातार नए गांवों का निर्माण कर रहा है, इसी की आड़ में चीन अपने सैनिकों को तैनात कर रहा है। वास्तव में इन गांवों का निर्माण तिब्बत में किया जा रहा है, जिसपर चीन ने साल 1951 में कब्जा कर लिया था। चीन अब तिब्बत को जिजैंग नाम से



### सीमा पर बने गांव पूरी तरह स्मार्ट

जिजैंग स्वायत्त (तिब्बत) पीपुल्स सरकार के अध्यक्ष यान जिनहाई ने बताया कि 100 प्रतिशत ब्रॉडबैंड और 4जी कनेक्टिविटी के साथ जिजैंग कायम रहेगा। उन्होंने सीमा पर बेहतर बंदोबस्त के लिए गांवों की बात कही है। जिनहाई ने बताया कि सीमा पर बने गए पूरी तरह से स्मार्ट विलेज हैं। रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने सीमा क्षेत्र में विकास और नागरिकों के सुविधा पर जोर दिया है।

पुकारता है। पिछले गुरुवार को चीन ने लोकतांत्रिक सुधार की 65वीं वर्षगांठ मनाई है। तिब्बत में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए और इस दौरान भारत-चीन की सीमा पर नए गांवों की भी चर्चा की गई।

### चीन की मीडिया ने क्या कहा?

हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने अपनी एक रिपोर्ट में करीब एक महीने पहले बताया था कि चीन, भूटान की सीमा से सटे विवादित क्षेत्र में तीन नए गांवों का निर्माण किया है। इन गांवों में चीन की सेना और क्षेत्रीय लोगों को रखा जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक इन गांवों में जो इमारतें बनाई गई हैं, वह गरीबी उन्मूलन योजना के तहत बनाई गई हैं। चीन ने कहा कि इन गांवों का उपयोग देश की सुरक्षा के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने अब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में 624 नए गावों को बसाया है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl